26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 5 फरवरी, 2026

अंक- 103 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

## चाइनीज मांझे पर सीएम योगी का सख्त एक्शन

# पूरे प्रदेश से किया बैन

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** राजधानी लखनऊ के बाजारखाला में चीनी मांझे में फंसकर एक युवक की मौत के बाद प्रदेश की योगी सरकार ने सख्त निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में चीनी मांझे के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में पुलिस अधिकारियों को पूरे राज्य में छापेमारी करने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि चीनी मांझे से होने वाली मौतों को हत्या माना जाएगा। पूरे राज्य में की गई कार्रवाई की उच्च स्तर पर समीक्षा की जाएगी। बुधवार को बाजारखाला में पतंग की डोर ने एक युवक का गला रेत गया। इस दौरान गले की नस कट जाने से युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, कुछ दिन पहले हवा में उड़ती पतंग के तार के हाईटेंशन लाइन पर गिर जाने से मेट्रो मेट्रो ट्रेनें जहां की तहां रुक गई थीं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में चीनी मांझे के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में पुलिस अधिकारियों को पूरे राज्य में छापेमारी करने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि चीनी मांझे से होने वाली मौतों को हत्या माना जाएगा।

# जिले में बढ़ रहे सड़क हादसे, लोग जा रहे जान से

## बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौत



अमित व निजामु के फाइल फोटो।

**बरुकी (चिंगारी)।** थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम बरुकी में बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवकों की मौत हो गई, जबकि एक महिला और उसका छोटा बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार गांव भगेन निवासी निजामु (25 वर्ष) पुत्र बाबू अपनी पत्नी सानिया और एक वर्षीय बच्चे के साथ उमरी गांव में अपने परिचित के यहां से बाइक द्वारा लौट रहे थे। जैसे ही वह संगम पैलेस के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही बाइक, जिसे ग्राम सुंदरपुर निवासी अमित पुत्र धर्मवीर चला रहा था, से उनकी बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि महिला और बच्चा भी गिरकर चोटिल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों ने अमित और निजामु को मृत घोषित कर दिया।

मृतक अमित की शादी चार वर्ष पूर्व हुई थी और उसका तीन वर्षीय बेटा है। वह शादी समारोहों में डेकोरेशन का कार्य करता था। वहीं निजामु मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था, जिसकी शादी को दो वर्ष हुए थे और उसका एक वर्षीय बच्चा है। हादसे में घायल निजामु की पत्नी और बच्चे का अस्पताल में उपचार जारी है। कोतवाली देहात प्रभारी प्रवेज तोमर ने बताया कि पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है तथा शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटी की मौत



मंजू का फाइल फोटो।

**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर-काशीपुर नेशनल हाईवे 74 पर राजपूताना रिसोर्ट के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पिता पुत्र मामूली रूप से घायल हो गए। ट्रक चालक ट्रक को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। शहजादपुर निवासी विकास (35 वर्ष) अपनी पत्नी मंजू (31 वर्ष) और बेटा दिव्या (8 वर्ष) बेटी सृष्टि (6 वर्ष) बाइक से धामपुर नहटौर रोड स्थित ग्राम ढक्का करमचंद में एक रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक नेशनल हाईवे 74 धामपुर- शेरकोट मार्ग स्थित राजपूताना रिसॉर्ट के पास पहुंची, पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मां बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि विकास और बेटा दिव्य मामूली रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही सीओ अभय पांडे, कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार मौके पर पहुंचे और ट्रक को अपने कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।

### ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट से झटका

## कर्मचारियों को 25 प्रतिशत बकाया डीए देने का आदेश

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को निर्देश दिया है कि वह अपने कर्मचारियों को 2009 से 2019 तक का बकाया महंगाई भत्ता (DA) जारी करे। कोर्ट ने इसे कर्मचारियों का वैधानिक अधिकार करार दिया है। जस्टिस संजय करोल और पीके मिश्रा की बेंच ने कहा कि ROPA नियमों के तहत परिलब्धियों की गणना के लिए DA अनिवार्य है। कोर्ट ने राज्य सरकार की उन दलीलों को खारिज कर दिया, जिसमें वित्तीय क्षमता का हवाला देकर भत्ते से इनकार किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस भुगतान की प्रक्रिया निर्धारित करने के लिए पूर्व जस्टिस इंदु मल्होत्रा की अध्यक्षता में एक स्पेशल कमेटी का गठन किया है। इस समिति में दो सेवानिवृत्त हाई कोर्ट मुख्य न्यायाधीश और कैग (CAG) के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।

## असमानता, असहिष्णुता को बढ़ावा दे रही है भाजपा- मल्लिकार्जुन खरगे

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों में असहिष्णुता तेजी से बढ़ रही है और भाजपा आरएसएस असमानता को बढ़ावा दे रहे हैं। श्री खरगे ने कहा कि कि देश में असमानता लगातार बढ़ रही है और केवल एक फ़ीसदी लोगों के पास देश की 40 प्रतिशत संपत्ति सिमट कर रह गई है। राज्यपाल केंद्र सरकार की एजेंट बनकर काम कर रहे हैं और जिन राज्यों में भाजपा का शासन है वहां असहिष्णुता तेजी से फैल रही है। श्री खरगे ने आज सोशल मीडिया एक्स पर उत्तराखंड की एक घटना का उदाहरण देते हुए कहा उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने एक युवक 'मोहम्मद दीपक' पर मुकदमा दर्ज किया। जो सद्भावना की रक्षा के लिए खड़ा हुआ था। अगर रक्षक ही भक्षक बन जाएगा, तो आम आदमी रक्षा के लिए कहां जाएगा। जो शख्स झगड़ा सुलझाने के लिए जाता है।


जिले का पहला एवं एकमात्र
Sports Injury & Joint Replacement Centre

भगवती ऑर्थोपेडिक एण्ड स्पोर्ट्स इंजरी हॉस्पिटल

डॉ. मनु अग्रवाल
M.B.B.S., M.S. FITS, (Banglore)
FiAS, FIJR (JAIPUR)

-सुविधाएं-
1. घुटने की गद्दी (MENISCUS) फटना
2. लिगामेंट का टूटना (ACL/PCL)
3. पुरानी चोट या आप्रेशन की वजह से घुटना ना मुंढना
4. कंधे का बार-बार उतरना (SHOULDER DISLOCATION) 5. कंधे की नस का दबना या फट जाना (Rotator Cuff Tear) 6. कुल्हे का बदलना (DAA) /घुटने का बदलना (विदेशी Implant के साथ)
7. टूटी हड्डियों का Operation (Titanium Implant से किया जाता है।

निम्न बीमारियों का आप्रेशन आयुष्मान योजना के अन्तर्गत भी होता है।



रविवार अवकाश

समय प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक सायं 6 बजे से 7 बजे तक

पता- निकट रेलवे स्टेशन चौराहा, किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9829211842, 8218989411

# दहेज के लिये सताई जा रही विवाहिता ने एसपी से लगाई इंसाफ की गुहार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना, मारपीट, जबरन धन उगाही और जान से मारने की कोशिश का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता के अनुसार उसका विवाह 25 अगस्त 2025 को अमरोहा में जुबैर पुत्र जमील के साथ हुआ था। विवाह के समय उसके परिवार द्वारा लगभग 9 लाख रुपये का सामान, आभूषण, मोटरसाइकिल और अन्य घरेलू सामान दहेज के रूप में दिया गया था, लेकिन शादी के करीब 15 दिन बाद से ही उसे कम दहेज लाने को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि सितंबर 2025 में ससुराल पक्ष ने योजनाबद्ध तरीके से पीड़िता के परिवार से 5 लाख रुपये उधार मांगे और स्टांप पेपर पर लिखित समझौता भी कराया। बाद में जब पीड़िता के भाइयों ने जरूरत पड़ने पर पैसे वापस मांगे तो ससुराल पक्ष ने धमकाना शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल वालों ने उसे और उसके परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि 24 दिसंबर 2025 को उसके ससुराल पक्ष के लोग उसके मायके पहुंचे और उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। बाद में जनवरी 2026 में महिला थाना बिजनौर में समझौते के बहाने उसे बुलाकर कार में बैठाया गया और रास्ते में पति सहित अन्य लोगों ने धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया। हमले में पीड़िता गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका चिकित्सीय परीक्षण भी कराया गया।

इस मामले में पीड़िता द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया है, लेकिन उसका कहना है कि पहले दिए गए प्रार्थना-पत्र में कई महत्वपूर्ण बातें सही ढंग से दर्ज नहीं की गईं। इसी कारण उसने दोबारा विस्तृत प्रार्थना-पत्र देकर पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि उसके बयान और घटनाक्रम को विवेचना में शामिल किया जाए तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पीड़िता ने आरोपियों से अपनी जान को खतरा बताते हुए सुरक्षा और न्याय की मांग की है।

## दरोगा विनय कुमार पर आरोप

**पीड़िता का आरोप है कि बिजनौर थाने में तैनात दरोगा विनय कुमार मुलज़ीमों को पकड़ने के लिए उसके परिजनों को अपने साथ अमरोहा ले गया। दरोगा जी ने उनसे किराये की गाड़ी भी कराई। दरोगा जी मुलज़ीमों से हमसाज थे। उन्होंने मुलज़ीमों को पकड़ने के बजाये पीड़िता के परिजनों के साथ मारपीट की और उन्हे अमरोहा थाने में बंद करा दिया।**

# शिया वक्फ बोर्ड उत्तर प्रदेश को वक्फ अलल औलाद के वारिस का नोटिस

## असली वारिस के सामने आने से शिया वक्फ बोर्ड में मची खलबली








**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** दरगाहे आलिया नजफ ए हिंद जोगीपुरा के वाकिफ सैयद नजर अब्बास वक्फ नम्बर 1187 अलल-औलाद के वारिस सैय्यद शाह रजा नकवी ने शिया वक्फ बोर्ड उत्तर प्रदेश को वक्फ अलल-औलाद होने का दावा किया है। वक्फ बोर्ड से वक्फ डीड के अनुसार मुतवल्ली की कमेटी बनाने की मांग की है। उन्होंने बताया है कि वह ( वारिस ) पेशे से बिजनेसमैन हैं। पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में उन्होंने बताया कि वह वाकिफ ( सय्यद नजर अब्बास पुत्र सैयद इब्राहिम हुसैन ) निवासी जोगीपुरा अहमदपुर सादात के पोते हैं। उन्होंने बताया कि उनके दादा सैय्यद नजर अब्बास ने विश्व प्रसिद्ध दरगाह आलिया नजफे हिन्द जोगीपुरा को बतौर अलल-औलाद दर औलाद सब रजिस्टार नजीबाबाद जिला बिजनौर में 21 अप्रैल सन् 1931 को रजिस्ट्री कर दी थी। लेकिन आज तक शिया वक्फ बोर्ड अलल-औलाद डीड के विपरीत मुतवल्ली नियुक्त करते व कमेटी बनाते चले आ रहा हैं जो गलत है। उन्होंने आरोप लगाया कि वाकिफ द्वारा की गई वक्फ को खुर्द-बुर्द किया जा रहा है, जिसको सहन नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि लगभग 95 वर्षों से तमाम वारिसान दुनिया भर के शियाओं की दरगाह से गहरी आस्था को देखते हुऐ खामोश थे, लेकिन अब परिवार के सदस्यों द्वारा एक राय होकर 60 दिन का कानूनी नोटिस वक्फ बोर्ड को दिया गया है। उन्होंने बताया कि वक्फ बोर्ड यदि वाकिफ के वारिस का पक्ष नहीं सुनेगा तो जरूरत पड़ने पर भारत सरकार द्वारा संसद में वक्फ एक्ट 1995 संशोधन बिल 2025 के अनुसार वक्फ न्यायाधिकरण लखनऊ, उच्चतम न्यायालय, सर्वोच्च न्यायालय, की शरण में जाएगा, विश्व प्रसिद्ध दरगाह आलिया नजफे हिन्द जोगीपुरा अहमदपुर सादात के असली वारिस के सामने आने से शिया वक्फ बोर्ड में खलबली मची है।

# पीडब्ल्यूडी कर्मचारी संघ का प्रत्येक कर्मचारी करेगा महासम्मेलन में प्रतिभाग- दिग्विजय



**बिजनौर ( चिंगारी )।** अटेवा के तत्वाधान में 15 फरवरी को होने वाले पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता को लेकर पीडब्ल्यूडी मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ की संघ भवन में प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता एवं जिलाध्यक्ष दिग्विजय सिंह के संचालन में बैठक हुई, जिसमें अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने सभी कर्मचारियों से महासम्मेलन में प्रतिभाग करने का आह्वान करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन का संघर्ष अब निर्णायक मोड़ पर है। संगठित होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है। पीडब्ल्यूडी मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारे बुढ़ापे की लाठी है, जिसके लिए अटेवा ईमानदारी से संघर्षरत है। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि व विद्युत प्राविधिक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष लौकेन्द्र चौधरी ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए संगठित होने की आवश्यकता है। जिलाध्यक्ष दिग्विजय सिंह एवं कार्यकारी अध्यक्ष लौकेन्द्र सैनी ने कहा कि क्रांति महासम्मेलन में हमारे सभी कर्मचारी प्रतिभा कर सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग करेंगे। बैठक में जिला मंत्री मोहित कुमार, पूर्व जिला मंत्री महेश कुमार, फैडरेशन जिला मंत्री विजय वर्मा, मिनिस्टीरियल जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार, बरखा रानी, आस्था शर्मा, अंकित मालिक, मनीष यादव, गौरव लान्बा, रिजवान अहमद, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

आर्मी मैन व पुलिसकर्मियों के लिये 5,000/- रुपये की आकर्षक छूट

अब एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर की सर्विस सेंटर आपके ध्रुविका मोटर्स पर उपलब्ध है।

एथर इलैक्ट्रिक असली इलैक्ट्रिक

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव
Male & Female
मैकेनिक Male
E&periance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )



Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# इस मार्ग की हालत देखिये, यहां से गुजरेंगे हजारों कांवड़िये

## मार्ग की मरम्मत की मांग को लेकर लोगों ने शुरू किया धरना

**बिजनौर ( चिंगारी )।** 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व है, इससे पूर्व कांवड़ यात्रा शुरू होगी। बिजनौर में चांदपुर की चुंगी से फतेहपुर तक मार्ग की हालत बेहद खस्ता है। इस मार्ग पर गहरे गड्ढे हो गये हैं, जिनमें पानी व कीचड़ भरा हुआ है। इस मार्ग से अमरोहा, बुलंदशहर, अलीगढ़ के कांवड़िये गुजरते हैं। इस मार्ग की हालत को देखते हुए अंदाजा लगाया जा सकता है कि कांवड़ियों को कितना कष्ट उठाना पड़ेगा। कांग्रेस कार्यकर्ता एवं भारत जोड़ो न्याय यात्री नजाकत अली कम्भौर ने अधिकारियों को पत्र लिखकर इस मार्ग की दुर्दशा की ओर ध्यान दिलाया था, लेकिन किसी के कानों पर जूं नहीं रेंगी। मजबूर होकर क्षेत्रवासियों ने कंभौर के शिव मंदिर परिसर में धरना शुरू कर दिया है।



नजाकत अली कम्भौर ने बताया कि बीते दिनों खनन के ओवरलोडेड डम्पर चलने की वजह से चांदपुर की चुंगी से उलेढा रोड तक इस मार्ग की हालत बहुत खराब हो गई है। इस मार्ग पर पैदल चलना भी दूभर है। कांवड़ियों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कई दिन पहले अधिकारियों को जानकारी देते हुए मार्ग की मरम्मत कराने की मांग की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।



मार्ग की मरम्मत की मांग को लेकर आज सर्वश्री रामेंद्र सिंह, निपेंद्र कुमार, सुभाष सिंह, योगेश सिंह, अमित कुमार, राहुल, देवेंद्र सिंह राठी, गौरव चौधरी, अजय कुमार राणा, सुखवीर सिंह, सोमपाल, मो. जाहिद, विनय राणा एड., नरदेव सिंह राठी, हरिओम सिंह, आकेंद्र पाल सिंह, उदय कुमार, हिमांशु राणा, नजाकत अली कम्भौर आदि धरने पर बैठ गये।

### सड़क नाम की चीज नहीं बची

इस मार्ग की लम्बाई 14 किलोमीटर है। यह बिजनौर शहर की चांदपुर की चुंगी से सिरधनी, कम्भौर, गंदासपुर, छोइया नंगली, फतेहपुर झाल होते हुए उलेढा जाकर गंज-चांदपुर रोड में मिल जाता है। इस मार्ग से हर साल बड़ी संख्या में कांवड़िये पैदल यात्रा करते हैं। खनन के ओवरलोडेड डम्परों की वजह से सड़क पूरी तरह टूट गई है। मार्ग में गहरे-गहरे गड्ढे और उनमें कीचड़ व पानी जमा हो गया है। सड़क नाम की चीज नजर नहीं आ रही।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to : manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# रेस्टोरेंट में युवक-युवतियों का वीडियो बनाने का आरोप, लोगों ने किया हंगामा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर के एक रेस्टोरेंट में केबिन में स्पाई कैमरे लगाकर युवक-युवतियों की आपत्तिजनक वीडियो बनाने का आरोप लगाकर कुछ लोगों ने हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत किया। जानकारी के अनुसार नगर के एक रेस्टोरेंट में केबिन में गुप्त कैमरे लगाए गए थे, जिनके माध्यम से वहां आने वाले युवक-युवतियों की गतिविधियों की रिकॉर्डिंग की जाती थी। बाद में इन्हीं वीडियो के जरिए होटल पर कार्यरत कर्मचारियों द्वारा ब्लैकमेल किया जाता था। बुधवार को इस पूरे मामले की जानकारी होने पर कुछ लोग मौके पर पहुंचे और विरोध शुरू हुआ, जिसको लेकर काफी देर तक हंगामा चलता रहा। सूचना मिलने पर डायल-112 व सिविल लाइन चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया। सीओ सिटी संग्राम सिंह ने बताया कि डीवीआर कब्जे में ले लिया गया है। जांच की जा रही है। मामला सही पाए जाने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## मैक्स की कार में टक्कर से दूल्हा-दुल्हन सहित कई घायल

### देहरादून से बारात के लौटते समय हुआ हादसा

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** दुल्हन को लेकर लौट रही बारात में शामिल कार की मैक्स से टक्कर में दुल्हा-दुल्हन सहित कई बाराती घायल हो गये। घायलों का अस्पताल में उपचार कराया गया। किसान सहकारी चीनी मिल नजीबाबाद में लेखा लिपिक के पद पर कार्यरत विपिन गर्ग नजीबाबाद की हिमालयन कालोनी में परिवार के साथ रहते है। कल उनके पुत्र अर्पित गर्ग की देहरादून बारात गई थी। गुरूवार को सुबह दुल्हन को लेकर बारात नजीबाबाद वापस लौट रही थी। इसी दौरान दुल्हा-दुल्हन की कार की मोटाआम के समीप मैक्स से आमने-सामने से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार चला रहा दूल्हे का भाई अर्पित सहित कार में सवार दूल्हा-दुल्हन घायल हो गये। टक्कर से कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को उपचार के लिए हरिद्वार मार्ग स्थित लाइफ लाइन अस्पताल में भर्ती कराया गया। नई-नेवली दुल्हन के सिर में काफी चोट लगने के कारण उसका सिटी स्केन आदि कराया गया। उपचार के बाद सभी घायलों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero
फाइनेंस सुविधा
भी उपलब्ध है !

MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
आकर्षक उपहार

XTREME 160 पर पायें
10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## भविष्योन्मुखी बजट

सत्ता पक्ष और विपक्ष की प्रतिक्रियाओं पर तटस्थ दृष्टिकोण अपनाने तथा वर्तमान अंतराष्ट्रीय परिस्थितियों, ट्रंप के आक्रामक टैरिफों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के क्षरण, युद्धों की बढ़ती विभीषिका, डॉलर की तुलना में रुपये की गिरती कीमतों, नई तकनीकों व एआई के आने से बदलते रोजगार के परिदृश्य, आतंकवाद के बढ़ते खतरे, पड़ोसी देशों में व्याप्त अस्थिरता तथा देश की युवा जनसंख्या के कौशल उन्नयन को देखते हुए आम बजट संतुलित, प्रगतिशील व भविष्योन्मुखी लगता है। बजट में देश की सुरक्षा के लिए सबसे अधिक आठ लाख करोड़ रुपयों का प्राविधान किया गया है जो पिछले बजट की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक है। इससे देश को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। उल्लेखनीय है कि भारत पिछले 11 साल में रक्षा उत्पादों के बड़े आयातक के बजाय निर्यातक के रूप में उभर रहा है तथा मोदी सरकार ने रक्षा क्षेत्र में निजी क्षेत्र की सहभागिता बढ़ाने में उल्लेखनीय व असाधारण कदम उठाए हैं। पड़ोसी देशों में मची उथलपुथल, आतंकवाद की विभीषिका तथा खासकर चीन की बढ़ती आक्रामकता को देखते हुए लंबे समय से रक्षा और रणनीति के विशेषज्ञ रक्षा बजट में भारी वृद्धि करने की मांग कर रहे थे। वर्तमान बजट में उनकी यह मांग एक सीमा तक मानी गई है, लेकिन देश को चीन व पाकिस्तान की बढ़ती आक्रामकता को देखते हुए इसमें और बढ़ोत्तरी की भी जरूरत है। बजट में जहां सात नए हाईस्पीड रेलवे कॉरीडोर व एक डेडिकेटेड फ्रंट कारीडोर बनाने की बात कही गई है इससे देश में रेलवे नेटवर्क के विस्तार में व्यापक योगदान होगा। इन हाईस्पीड कारीडोरों में से दो रेल कारीडोर उत्तर प्रदेश को मिलेंगे जिनसे कम से कम दस जिले सीधे लाभान्वित होंगे। रेलवे के साथ ही सरकार ने राजमार्गों के बजट में भी लगभग 8 प्रतिशत की वृद्धि की है और यह 3.09 लाख करोड़ रुपये हो गया है। देश में बायोफार्मा क्षेत्र में 10 हजार करोड़ के निवेश की घोषणा की गई है जिससे वर्तमान अंतराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप रसायनों के बजाय जैविक पदार्थों से दवाइयां बनाने को बढ़ावा मिलेगा।

# युवाओं से एक प्रश्न : क्या रिश्ते केवल रील जितने ही रह गये हैं?

-चौ. दिगंबर सिंह
प्रदेश अध्यक्ष युवा विंग
भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक)



**आज मैं यह लेख किसी आलोचक के रूप में नहीं, बल्कि एक चिंतित समाज के हिस्से के रूप में लिख रहा हूं।**

यह लेख उन युवाओं के लिए है, जो ऊर्जा से भरे हैं, जो भविष्य हैं, लेकिन जो आज धैर्य, स्थिरता और रिश्तों की गहराई खोते जा रहे हैं। युवाओं, क्या आपने कभी सोचा है कि हम इतने अधीर क्यों हो गए हैं? क्यों हमारी मित्रता, हमारा प्रेम, हमारे रिश्ते इतनी जल्दी बनते हैं और उससे भी जल्दी टूट जाते हैं? आज सोशल मीडिया पर मित्रता के नाम पर रील बनती हैं। गीत लगाए जाते हैं-

**'दुर्योधन के खातिर जैसे कर्ण खड़ा था अड़ के' और संदेश दिया जाता है कि 'मैं हर हाल में तेरे साथ हूं।'**

लेकिन सच बताइये- क्या यह साथ एक सप्ताह से ज्यादा टिक पाता है?

एक सप्ताह पहले जो मित्र एक-दूसरे के लिए जान देने की बात करते हैं, वही थोड़े से मतभेद पर एक-दूसरे के सबसे बड़े विरोधी बन जाते हैं। यह विरोध केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि हिंसा, नफ़रत और टूटन तक पहुंच जाता है।

युवाओं, समस्या मित्रता में नहीं है- समस्या है मित्रता की समझ में।

कर्ण की मित्रता को उदाहरण बनाना आसान है,

लेकिन यह समझना कठिन है कि कर्ण ने मित्रता के लिए क्या-क्या त्याग किया। उसने केवल भावनाओं में बहकर साथ नहीं दिया, उसने परिणाम जानते हुए भी निभाया और उसकी कीमत भी चुकाई।

आज की मित्रता में त्याग नहीं, केवल अपेक्षाएं हैं।



जब अपेक्षाएं पूरी नहीं होतीं, तो रिश्ता समाप्त कर दिया जाता है।

यही स्थिति आज प्रेम और विवाह जैसे संबंधों की भी हो गई है।

छोटी-छोटी बातों पर पति-पत्नी अलग हो रहे हैं। सहनशीलता, संवाद और धैर्य जैसे गुण मानो अप्रासंगिक हो गए हैं। लेकिन क्या कभी आपने सोचा है- यदि हर मतभेद पर रिश्ता तोड़ दिया जाए, तो समाज कैसे बचेगा?

हमारे बुजुर्ग रिश्तों को विरासत की तरह सौंपते थे। वे कहते थे- 'यह परिवार हमारे साथ संकट में खड़ा रहा, इसे कभी मत छोड़ना।'

उन रिश्तों में भी मतभेद थे, टकराव थे, लेकिन अहंकार नहीं था। आज अहंकार इतना बड़ा हो गया है कि रिश्ते बहुत छोटे पड़ गए हैं। इस पूरी स्थिति को और गंभीर बनाता है नशे का बढ़ता जाल। जब युवा दिशा खो देता है, धैर्य खो देता है, तो वह नशे में सहारा ढूंढता है। नशा केवल शरीर को नहीं, सोच को भी नष्ट कर देता है-

और फिर रिश्ते, परिवार और भविष्य सब बिखर जाते हैं। युवाओं, यह केवल आपकी समस्या नहीं है, यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। समाज के जिम्मेदार लोगों को आगे आना होगा। राजनीति करने वालों को युवाओं को तोड़ने की नहीं, उन्हें जोड़ने की राजनीति करनी होगी। गांव और शहर के नेतृत्वकर्ताओं को नशा बांटने की नहीं, संस्कार और अवसर बांटने की सोच अपनानी होगी। लेकिन परिवर्तन की शुरुआत आपसे होगी। रिश्तों को तुरंत छोड़ देना समाधान नहीं है। मतभेद होना गलत नहीं है, मतभेद पर रिश्ता तोड़ देना गलत है। धैर्य कोई कमजोरी नहीं है, धैर्य चरित्र की सबसे बड़ी ताकत है। यदि आज का युवा ठान ले कि वह नशे से दूर रहेगा, रिश्तों को निभाएगा, और समाज को जोड़ने का माध्यम बनेगा-तो आने वाला भारत केवल विकसित ही नहीं, संस्कारवान भी होगा। यही आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## राष्ट्रीय एकता

भारत के प्यारे बच्चों देश में उन्नति लाओ।
ईश कृपा फैले जग में वैश्विक शान्ति लाओ।।
जन-गण-मन में एकता सद्भाव लाओ।
हिंसा नफ़रत मिटे धरा से ऐसी युक्ति लाओ।।
करुणा स्नेह वीरता शौर्य समरसता लाओ।
सौहार्द प्रेम धैर्य देशभक्ति पराक्रम लाओ।।
मात-पिता गुरुजनों के आदर्श जीवन में लाओ।
क्षमा दया ममता मैत्री नैतिकता मन में लाओ।।
वसुधैव कुटुंबकम संदेश को अंतर्मन में लाओ।
विकास की बहार बहे जीवन में खुशी लाओ।।
उषा के कंगन में तिरंगे की अरुण आभा लाओ।
प्रगति पाथेय पर रहें अग्रसर ऐसी बुद्धि लाओ।।
अहंकार अविद्या अशांति जग से मिटाओ।
घृणा द्वेष आतंक सांप्रदायिकता मिटाओ।।
हेयदृष्टि क्रोध क्लेश भेद समूल मिटाओ।
छुआछूत धार्मिक उन्माद जग से मिटाओ।।

**- रवीन्द्र कुमार राणा**
(साहित्यकार एवं प्रकृति प्रेमी)

## 22 फरवरी को आरजेपी इण्टर कॉलेज में आयोजित होगा विधिक सहायता शिविर

**बिजनौर (चिंगारी)।** सिविल जज (सीडि) प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर अंशुमन्र धुन्ना की अध्यक्षता में सम्बन्धित विभागों के साथ मेगा /वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर की सफलता के दृष्टिगत सिविल कोर्ट परिसर स्थित एडीआर भवन स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि 22 फरवरी को जिला बिजनौर में मेगा/ वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इण्टर कालेज, बिजनौर में किया जाएगा।



सिविल जज (सीडि) प्रभारी सचिव/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर अंशुमन्र धुन्ना ने बताया गया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, (नालसा) नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय के तत्वावधान में सम्पूर्ण राष्ट्र में मध्यस्थता अभियान-2.0 चलाया जा रहा है। उक्त अभियान का उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जायेगा, जिसमें वैवाहिक विवाद के मामले, दुर्घटना दावे के मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले, सम्पत्ति के बंटवारे से सम्बन्धित मामले, बेदखली से सम्बन्धित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले व अन्य उपयुक्त दीवानी मामले, घरेलू हिंसा के मामले, चौक बाउन्स के मामले, आपराधिक मामले आदि का निस्तारण करा सकते हैं। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, परियोजना निदेशक डीआरडीए, तहसीलदार सदर सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# पारंपरिक विरासत का उदाहरण है शिव मंदिर का कुआं

नितिन दिनेश कौशिक

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** नगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में बना ऐतिहासिक कुआं आज भी जल संरक्षण और पारंपरिक विरासत का जीवंत उदाहरण बना हुआ है, जहां एक ओर अधिकांश पुराने कुएं उपेक्षा और अतिक्रमण के कारण समाप्त हो चुके हैं। वहीं यह कुआं लोगों को बीते समय की जल संस्कृति और संरक्षण की आवश्यकता का संदेश दे रहा है।

एक समय नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में कुएं केवल जल का स्रोत नहीं, बल्कि जनजीवन की आधारशिला हुआ करते थे। पीने के पानी, खेती, पशुपालन और घरेलू उपयोग की लगभग सभी जरूरतें इन्हीं पारंपरिक जलस्रोतों से पूरी होती थीं। भीषण गर्मी और सूखे के दौर में जब अन्य साधन जवाब दे देते थे, तब कुएं ही लोगों के लिए जीवनदायिनी साबित होते थे। यही वजह रही कि पीढ़ियों तक इनका संरक्षण किया गया और इन्हें जल विरासत के रूप में सहेजकर रखा गया। सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी कुओं का विशेष महत्व था। सुबह-शाम पानी भरने के दौरान लोगों का आपसी संवाद और सामुदायिक जुड़ाव का केंद्र यही स्थल होते थे। समय के साथ आधुनिक नलकूपों, हैंडपंपों और पाइपलाइन आधारित जलापूर्ति योजनाओं के विस्तार ने पारंपरिक कुओं को हाशिये पर पहुंचा दिया। बढ़ते कंक्रीटीकरण, अतिक्रमण,



भूजल के अंधाधुंध दोहन और रखरखाव की कमी के कारण नगर के अधिकांश कुएं या तो सूख गए हैं या पाट दिए गए हैं। इसका सीधा असर गिरते भूजल स्तर के रूप में सामने आ रहा है। हर वर्ष भूजल स्तर नीचे जा रहा है, जिससे गर्मी

प्राचीन शिव मंदिर में मौजूद कुआं।

के मौसम में कई क्षेत्रों में जल संकट गहराने लगता है, जो भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इन परिस्थितियों के बीच प्राचीन शिव मंदिर का कुआं संरक्षण का सकारात्मक उदाहरण बनकर सामने आया है। मंदिर कमेटी द्वारा इस जलस्रोत की नियमित सफाई, मरम्मत और सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है, जिससे इसकी उपयोगिता और पहचान बनी हुई है। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राहुल शर्मा ने बताया कि पूर्व और वर्तमान कमेटी के सहयोग से कुएं की निरंतर देखरेख की जा रही है। ताकि इसे भविष्य के लिए सुरक्षित रखा जा सके। साथ ही उसके चारों ओर सौंदर्यकरण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कुआं केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि पारंपरिक जलस्रोतों के महत्व को भी दर्शाता है। उनका मानना है कि यदि नगर व क्षेत्र के अन्य प्राचीन कुओं का भी इसी प्रकार संरक्षण और पुनर्जीवन किया जाए तो भूजल स्तर को सुधारने और जल संकट को कम करने में मदद मिल सकती है।

## एसोसिएशन की कार्यकारिणी का विस्तार

**बिजनौर (चिंगारी)।** सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन जनपद शाखा बिजनौर की मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिव ध्यान सिंह और संचालन योगेश्वर जिला मंत्री ने किया। बैठक में कार्यकारिणी विस्तार किया गया, जिसमें सर्वश्री बलवीर सिंह को संरक्षक, उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह मलिक, अमन सिंह, देशराज सिंह, हरवीर सिंह, महेंद्र सिंह मलिक को उपाध्यक्ष, बृजेश सिंह को संयुक्त मंत्री और टीकम सिंह संगठन मंत्री, लीलापत, विजेंद्र सिंह राठी, कोषाध्यक्ष डॉ. ब्रजवीर सिंह, कार्यालय



मंत्री जयपाल सिंह, कामेश्वरनाथ त्यागी, बलजीत सिंह बनाये गए। बिजनौर तहसील के जिला अध्यक्ष के रूप में वीरेंद्र पाल, तहसील धामपुर से अध्यक्ष के रूप में लखपत सिंह, तहसील नजीबाबाद से धर्मपाल सिंह राजपूत को मनोनीत किया गया। बैठक में बृजेश सिंह, देशराज सिंह, लखपत सिंह, बलबीर सिंह, बलजीत सिंह, ओमवीर सिंह मलिक, महेंद्र सिंह मलिक, महेंद्र सिंह, रोहताश सिंह, धर्मपाल सिंह, एसके मिश्रा संरक्षक, जयपाल सिंह की उपस्थिति रही।

## फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिये किसानों को प्रेरित करें उर्वरक विक्रेता- जिलाधिकारी

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में कीटनाशक एवं उर्वरक विक्रेताओं की ट्रेनिंग कराये जाने एवं धरती माता बचाओ अभियान के अन्तर्गत रसायनिक उर्वरकों के कम प्रयोग के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपनिदेशक कृषि घनश्याम सिंह जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कीटनाशक व उर्वरक विक्रेता मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने सभी कीटनाशक एवं उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया कि फार्मर रजिस्ट्री कार्य में अपनी भागीदारी निभाएं और जो कृषक बंधु कीटनाशक अथवा उर्वरक लेने दुकान पर आए उनका रजिस्ट्री फार्मर रजिस्ट्री संख्या मालूम करें यदि उन्होंने अपना रजिस्ट्रेशन कर रखा है तो उसका नंबर बिल में जरूर अंकित करें और यदि किसी कृषक द्वारा अभी तक फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य नहीं कराया गया है, फार्मर रजिस्ट्री के लाभ बताते हुए उन्हें यथाशीघ्र फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने सभी विक्रेताओं को यह भी निर्देश दिये की अपनी दुकान पर अच्छी ब्रांड के उर्वरक एवं कीटनाशक दवाओं को ही रखें और



किसी भी अवस्था में नकली खाद अथवा कीटनाशक दवा न विक्रय करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि यदि नकली खाद अथवा उर्वरक बेचे जाने की कोई शिकायत प्रमाणित होती है तो संबंधित विक्रेता का लाइसेंस निरस्त करके उनके विरुद्ध विधिपूर्वक कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

प्रशिक्षण के दौरान कृषि निदेशक घनश्याम सिंह ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में तकनीक का प्रयोग करें, क्योंकि तकनीक का बेहतर प्रयोग मानव जीवन के लिए नितांत आवश्यक हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार की धरती माता बचाओ अभियान को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें और संतुलित मात्रा में ही उर्वरक एवं कीटनाशक दवाओं का प्रयोग करें।

उन्होंने एनपीएस ऐप के संबंध में किसान बंधुओं को जानकारी देते हुए बताया कि अपने मोबाइल में यह अपलोड करें। उन्होंने बताया कि यदि पौधे में कीड़ा लगने की शिकायत प्रतीत होती है तो उससे उसका फोटो खींचे तत्काल ऐप द्वारा बता दिया जाएगा कि उक्त पौधे में कौन सा कीड़ा लगा है और उसके लिए कौन सी दवाई और कितनी मात्रा में प्रयोग करनी है।

## पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष करेंगे- चंद्रहास सिंह

**बिजनौर (चिंगारी)।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश जनपद शाखा बिजनौर के ब्लॉक जलीलपुर की ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र पाल की अध्यक्षता एवं विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर संगठन के जिला मीडिया प्रभारी दिनेश राय के संचालन में बैठक आयोजित हुई। बैठक में अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने टीईटी अनिवार्यता एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण के विरोध में आगामी 15 फरवरी को होने वाले पेंशन क्रांति महासम्मेलन में सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पहुंचाने का आह्वान किया। डिप्लोमा फार्मासिस्ट संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने कहा कि यह वक्त संगठित होकर संघर्ष करने का है। बैठक में गठित कार्यकारिणी ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्रपाल, महामंत्री शाहनवाज, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार का स्वागत किया गया। इस अवसर पर नाहर सिंह, मनोज कुमार, धीरेंद्र कुमार जौनी, राणा, अमित कुमार, रविंद्र कुमार, अंकित कटोरिया, काजल देवी, अंकिता किठौरिया, कविता, रानी लक्ष्मी, रानी विमलेश देवी, मनीषा, रुचि रस्तोगी, राखी शेफाली, वीरेंद्र कुमार, काजल देवी, अमित अटोरिया, संजय कुमार, सतीश कुमार, सुबोध कुमार, अनिल कुमार, रविंद्र निवाती, रविकांत सागर आदि ने संबोधित किया।



## 15 मार्च को नूरपुर में होगा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का प्रदेशीय सम्मेलन

**बिजनौर (चिंगारी)।** नूरपुर में 15 मार्च को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन इकाई जनपद बिजनौर के तत्वावधान में होने वाले प्रदेश स्तरीय सम्मेलन की सफलता के लिए रूपरेखा बनायी गई। एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री संगठन डॉ. नरेश पाल सिंह की मौजूदगी में जिला अध्यक्ष डॉक्टर भानुप्रकाश वर्मा की अध्यक्षता एवं मास्टर जिला महामंत्री जितेंद्र कुमार के संचालन में बैठक आयोजित की गई, जिसमें 15 मार्च को नूरपुर में आयोजित होने वाले प्रदेशीय सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने की दृष्टिगत चर्चा की गई। सर्वसम्मति से स्वागत समिति,भोजन समिति,आवासीय व्यवस्था समिति बनाई गई। प्रदेश महामंत्री संगठन डॉ. नरेशपाल सिंह/ जिला अध्यक्ष डॉ. भानुप्रकाश वर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि जनपद में पहली बार संगठन का होने वाला प्रदेश सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। इस दौरान जिला महामंत्री मास्टर जितेंद्र कुमार, जिला संगठन मंत्री सरदार गुणवंत सिंह, बिजनौर तहसील अध्यक्ष अवनीश शर्मा, धामपुर तहसील अध्यक्ष इंदर सिंह चौहान, चांदपुर तहसील अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा, डॉ. मनोज कटारिया, रियाजुल हक, धर्मेंद्र सिंह भुय्यार, चमन भारद्वाज, अंकुल प्रजापति, नसीम सैफी, सुनील नारायण, सुनील कुमार, नूरपुर ब्लॉक प्रभारी वीरेंद्र सिंह चौधरी, अमित ठाकुर, डा. थमन गहलौत, मोहम्मद शाहिद, नवाबुद्दीन, मन्नान सैफी, पंकज शर्मा, मौ. असरा उल हक आदि की मौजूदगी रही।



# पंचायत चुनाव की तैयारी करने वाले भावी उम्मीदवार, आरक्षण का कर रहे इंतज़ार

**नांगल सोती ( चिंगारी )। अभी तक पंचायत चुनाव के आरक्षण की घोषणा न होना भावी उम्मीदवारों की 'रफ्तार' को रोक रहा है। भावी उम्मीदवारों को यह डर लगा हुआ है कि कहीं घोषित आरक्षण उन्हें चुनाव से बाहर न दे, इसलिये अभी वे चुनाव प्रचार में धीरे-धीरे ही कदम बढ़ा रहे हैं।**

**पूरे प्रदेश का प्रशासन मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण ( एसआईआर ) में लगा हुआ है। 6 जनवरी से 6 फरवरी तक दावे और आपत्तियां दर्ज कराने का समय निर्धारित किया गया है। 27 फरवरी तक इन आपत्तियों का निस्तारण किया जायेगा तथा 6 मार्च को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जायेगी। ऐसे में पंचायत चुनावों के आरक्षण की व्यवस्था / प्रक्रिया पर शायद ही प्रशासन कार्य कर पाया होगा। संभवतः 6 मार्च के बाद ही आरक्षण व्यवस्था पर प्रशासन ध्यान दे पायेगा।**

पंचायत चुनावों की सरगर्मी आरक्षण घोषित होने के बाद ही बढ़ेगी। अभी तक आरक्षण की घोषणा न होने से भावी उम्मीदवारों की रफ्तार धीमी है। सभी भावी उम्मीदवार पहले आरक्षण की घोषणा होने का इंतजार कर रहे हैं। दरअसल भावी उम्मीदवारों को डर है कि उन्होंने तेजी से चुनाव प्रचार शुरू कर दिया और कहीं आरक्षण इस तरह का घोषित हो गया कि फिर जायेगा और बेवजह काफी खर्च भी हो जायेगा। भावी उम्मीदवार चुनाव प्रचार तेज करेंगे, तो खर्च भी तेजी से होगा।



वे चुनाव ही न लड़ पायें, तो उनके अरमानों पर पानी

हालांकि चुनाव लड़ने का पूरा मन बना चुके कुछ भावी उम्मीदवार धीरे-धीरे चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। वे थोड़ा-थोड़ा खर्च भी कर रहे हैं। जबकि कुछ भावी उम्मीदवार अभी आरक्षण घोषित होने तक शांत हैं। वे आरक्षण घोषित होने पर ही चुनावी मैदान में उतरने का मन बना रहे हैं। जबकि कुछ भावी उम्मीदवार उपयुक्त अवसर देखकर अंतिम समय में चुनावी मैदान में उतरने की सोच रहे हैं। उधर कुछ विशेष मतदाता भी अभी तक आरक्षण की घोषणा न होने तथा इस कारण चुनाव प्रचार में तेजी न आने से निराश हैं। इन विशेष मतदाताओं का चुनाव में स्पष्ट नारा होता है- 'जो करेगा खर्चा, उसी की करेंगे चर्चा।' कुल मिलकर भावी उम्मीदवार हों या मतदाता सभी को पंचायत चुनाव के आरक्षण की घोषणा होने तथा चुनाव प्रचार में तेजी आने का बेसब्री से इंतजार है।

## फीता कटवाने का दौर चल रहा

**चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके भावी उम्मीदवारों से फिलहाल फीते खूब कटवाये जा रहे हैं। कोई खेल का टूर्नामेंट हो या कोई और सार्वजनिक आयोजन, आयोजक भावी उम्मीदवारों विशेषकर जिला पंचायत सदस्य पद के भावी उम्मीदवारों को फीता काटने के लिये आमंत्रित कर रहे हैं। कुछ आयोजक तो सभी भावी उम्मीदवारों को क्रमशः आमंत्रित करते हैं। सभी अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फीता काटकर उद्घाटन करने की पोस्ट करते हैं। लोग भी कन्फ्यूज हो जाते हैं कि आखिर उद्घाटन किया किसने हैं। अब मौसम में थोड़ी गर्माहट आयेगी, तो कबड्डी के टूर्नामेंट भी शुरू होंगे, जिनके फीते भी भावी उम्मीदवार काटते नजर आयेंगे। पंचायत चुनाव का साल होने के कारण इस बार टूर्नामेंट भी खूब होने की उम्मीद है, क्योंकि फीते काटने वाले कई नेता तो मौजूद हैं ही।**

## इस बार, जबरदस्त घमासान के आसार

**इस बार जिला पंचायत सदस्य पदों के लिये क्षेत्र में जबरदस्त चुनावी घमासान होने की उम्मीद है। स्थानीय क्षेत्र में जिला पंचायत के तीन वार्डों के गांव पड़ते हैं। ब्लॉक नजीबाबाद के वार्ड नंबर एक (भागूवाला क्षेत्र) में क्षेत्र के दो गांव दहीरपुर और रायपुर खास उर्फ कोटसराय पड़ते हैं। जबकि वार्ड नंबर दो (नांगल - मंडावली क्षेत्र) और वार्ड नंबर तीन में दर्जनों गांव पड़ते हैं। जिला पंचायत सदस्य पद के चुनाव में इस बार जोरदार मुकाबले होने की पूरी उम्मीद है। सबसे अधिक भावी उम्मीदवार, आजाद समाज पार्टी ( कांशीराम ) से समर्थन पाने की जुगत में लगे हुए हैं। वे मानकर चल रहे हैं कि अगर आसपा का समर्थन मिल गया, तो सांसद चन्द्रशेखर आजाद के चुनाव की भांति ही उन्हें मुस्लिमों और दलितों का वोट थोक में मिल जायेगा और उनकी चुनावी वैतरणी आराम से पार हो जायेगी।**

# खूब बजीं शहनाई..



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** बुधवार को शादियों का महायोग होने के कारण रात भर तक शादी की शहनाइयां बजती रहीं। वैसे फरवरी में आगे भी शादी की शहनाइयां खूब बजेंगी।

बुधवार को शादियों का महायोग रहा। सभी बैंकेट हॉल अच्छी तरह सजे-धजे हुए थे। कई माह पूर्व ही सभी बैंकेट हॉल की बुकिंग हो गयी थी। सभी बैंडबाजे वाले, कारीगर, सजावट वाले, आतिशबाजी वाले तथा शादियों में कार्य करने वाले अन्य व्यक्ति भी महीनों पहले बुक हो गये थे। कुछ शादियां बुधवार को दिन में भी हुईं, मगर असली धूमधड़ाका रात को हुआ। गत रात्रि में देर रात तक शादी की शहनाइयां बजती रहीं। बैंडबाजे की धुन तथा ढोलों की थाप पर बाराती झूमकर नाचे। गत रात्रि में तथा आज तड़के बड़ी संख्या में नवयुगल सात जन्मों के अटूट बंधन में बंध गये। जहां बुधवार को शादियों का महायोग था, वहीं 19 फरवरी को फुलेरा दूज पर भी शादियों का महायोग रहेगा। फुलेरा दूज पर शादियों का अबूझ मुहूर्त रहता है। वैसे फरवरी में शादियों की शहनाइयां खूब बजेंगी।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता श्री सुधीर अग्रवाल (80 वर्ष) अक्सर बीमार रहते हैं, जिससे उनकी याददाश्त भी कमजोर हो गई है और मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं है। ऐसी दशा में उनके द्वारा किया गया कोई लेन-देन तथा चल-अचल सम्पत्ति का क्रय-विक्रय अमान्य होगा।

**-राहुल अग्रवाल पुत्र श्री सुधीर अग्रवाल, निवासी मौहल्ला महाजनान, कस्बा, थाना किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला-बिजनौर**


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बिजनौर

पत्रांक : 246/ई–टेन्डर/25–26 दिनॉक : 24.01.2026

### ई–निविदा सूचना

1– राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग, बिजनौर द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में भवन कार्य में रजिस्टर्ड श्रेणी–ए, बी, सी, डी के अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई–टेन्डरिंग के माध्यम से निविदा मॉंगी जाती है। निविदादाता किसी भी अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

| क्र0 स0 | जनपद | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण हेतु समया–वधि | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि0 का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि0 का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | बिजनौर | जनपद बिजनौर में जज आवासो के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | 6.50 | 0.65 | 854/– (आन लाइन भुगतान केवल नेट बैंकिंग द्वारा ही मान्य) | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बिजनौर | रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0 रामपुर | मुरादाबाद क्षेत्र लो0नि0वि0, मुरादाबाद |

2–
- ➢ बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करो को जोड़ते हुये तथा जी0एस0टी0 करों को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- ➢ निविदा शुल्क टेबिल के कॉलम नं0 5 एवं 6 के अनुसार ऑन लाईन बैंकिंग द्वारा जमा करनी होगी।

निविदा आनलाइन दिनांक 09.02.2026 की प्रातः 10:00 बजे से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 16.02.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 16.02.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बिजनौर में खोली जायेगीं तथा अर्ह निविदादाताओ की वित्तीय बिड कार्यालय आदेशानुसार निर्धारित समय, दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेंगी। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78–2–2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

R.O.No. 245143 Date: 03-02-2026
UPID.www.upgov.nic.in

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बिजनौर
Ph. 01342 – 262776
Email – pdbijnor@gmail.com

# वोट कटवाने की साजिश की चर्चाओं को लेकर मतदाताओं में मचा हड़कंप

## बीएलओ से लगातार संपर्क करते रहे लोग

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** कई दिनों से चल रही सही वोट कटवाने की साजिशों की चर्चाओं से मतदाता काफी परेशान नजर आ रहे हैं। गत दिवस यह मामला काफी गरमाता नजर आया। मतदाता अपने-अपने बीएलओ से अपने वोट के बारे में मालूमात करते रहे। उधर सूचना मिलने पर कई सपा नेताओं ने सही वोट काटे जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। उधर अधिकारियों ने नियमानुसार कार्य किए जाने का भरोसा दिलाया है। पिछले कई दिनों से एसआईआर अभियान में मतदाताओं के बड़ी तादाद में सही वोट कटवाने की साजिश की चर्चाएं आम है। गत दिवस यह चर्चा काफी गर्म रही। मतदाता अपने-अपने बीएलओ से लगातार संपर्क करते रहे। कुछ बीएलओ स्पष्ट जानकारी देने से कतराते नजर आए जिससे लगता है कि शायद उन पर किसी तरह का कोई दबाव हो। कई मामले ऐसे भी प्रकाश में आए जिनमें फॉर्म नं. 7 में जो आपत्तिकर्ता दर्शाया गया है, उस आपत्तिकर्ता ने स्पष्ट तौर पर कहा कि उसने किसी भी मतदाता पर कोई आपत्ति दर्ज नहीं की है। चर्चा है कि फॉर्म नं. 7 भरकर सही वोट कटवाने की साजिश रचने का प्रयास किया है। जिला पंचायत सदस्य एवं वरिष्ठ सपा नेता कपिल गुर्जर ने

## सपा नेताओं ने की अधिकारियों से शिकायत

नगर पालिका परिषद अफजलगढ़ एवं ब्लॉक मुख्यालय परिसर में आकर संबंधित अधिकारियों से मुलाकात की और शिकायत करते हुए कहा कि सही वोट अगर साजिश के तहत कटते हैं तो यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उधर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के अफजलगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान ने भी इस प्रकार की शिकायतें प्राप्त होते ही कई संबंधित अधिकारियों से बातचीत की है और किसी भी मतदाता के साथ अन्याय होने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी दी है।

# प्रेमी के घर पहुंची प्रेमिका ने किया हंगामा, पुलिस थाने ले आई

**स्योहारा ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक और युवती के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती ने बुधवार शाम प्रेमी के घर पहुंचकर हंगामा किया और निकाह की जिद की। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को थाने ले गई। फिलहाल थाने में प्रेमी और प्रेमिका के परिवार वाले मौजूद हैं और समझौते के प्रयास जारी हैं। गांव की युवती का पड़ोसी युवक के साथ प्रेम संबंध था। जब परिवार वालों को इसकी जानकारी हुई, तो उन्होंने इसका विरोध किया लेकिन युवती अपने प्रेमी से निकाह करने की जिद पर अड़ गई। युवती के परिवार ने निकाह करने से इनकार कर दिया। बुधवार शाम युवती अपने प्रेमी के घर पहुंच गई और निकाह करने को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। युवती के परिवार वाले भी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। इसी बीच, युवक के परिवार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और दोनों पक्षों को थाने ले गई। युवती अब भी अपने प्रेमी से निकाह की जिद पर अड़ी हुई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच चल रही है।

# अतीक अहमद पर दर्ज हुआ लोक सम्पत्ति अधिनियम के तहत मुकदमा

**स्योहारा ( चिंगारी )।** सहसपुर के राजस्व ग्राम याकूबपुर मे स्थित उमर इंटरनेशनल मीट प्लाट स्वामी अतीक अहमद पुत्र मोहम्मद उमर, निवासी सहसपुर, हाल निवासी दिल्ली पर लोक सम्पत्ति अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। बुधवार को आदिल ने प्रार्थना-पत्र देते हुए आरोप लगाया कि उमर इंटरनेशनल मीट प्लांट स्वामी द्वारा खसरा नंबर 3 (सरकारी रास्ता) और खसरा नंबर 53 (नाला) की भूमि पर अवैध रूप से चाहरदीवारी और गेट लगाकर अंदर तक कब्जा किया गया था जिसे प्रशासन ने हटवाया था लेकिन अभी भी कुछ हिस्से पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि अतीक पर धारा 329(3) 324(4) व सार्वजनिक सम्पति नुकसान अधिनियम18984 (2 व3) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है ।

# महिलाओं की सुरक्षा व संरक्षण के बारे में जानकारी दी



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** प्रदेश सरकार द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान तथा नारी स्वावलंबन के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय नजीबाबाद में छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वरिष्ठ शिक्षक नेता मोबीन हसन की उपस्थिति में सब इंस्पेक्टर सुभाष राणा तथा सब इंस्पेक्टर प्रीति रानी ने विद्यालय के बालक/बालिकाओं को महिलाओं की सुरक्षा, सहयोग एवं संरक्षण के लिये किये जा रहे कार्यों के साथ ही सायबर क्राइम तथा उससे बचाव तथा पुलिस के सहयोग, आपातकालीन पुलिस सेवा, अग्निशमन, वीमेन हेल्पलाइन चाइल्ड लाइन, गर्भवती महिलाओं तथा नवजात शिशुओं के लिए हेल्पलाइन एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के संबंध में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण में विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा प्रधानाध्यापिका शहनाज, शाहजहां, प्रतिज्ञा, नजमा, कुमुद, राधा, शीरीन, मदीहा, विनीत आदि उपस्थित रहे।

# सपा नेता ने दीपक कश्यप को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मौ. फुरकान खान ने अपनी टीम के साथ कोटद्वार पहुंचकर इंसानियत की लड़ाई लड़ने वाले दीपक कुमार कश्यप व विजय रावत से मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता भेंटकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सपा नेता मौ. फुरकान खान ने कहा कि दीपक कश्यप द्वारा इंसानियत के लिये खड़े होने व डटकर मुकाबला करने से देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में एक अच्छा पैगाम गया है। उन्होंने कहा कि यह एक सराहनीय पहल है। इस पर अफसर कुरैशी, शादाब मंसूरी, तसलीम कुरैशी, अनस खान, शब्बू आदि मौजूद रहे।

## सूचना

मैंने अपना नाम दीपक त्यागी से बदलकर दीपक कुमार त्यागी कर लिया है। आधार, पहचान-पत्र में भी मेरा नाम दीपक कुमार त्यागी ही है, जबकि पासपोर्ट में दीपक कुमार है। भविष्य में मुझे दीपक कुमार त्यागी के नाम से ही जाना पहचाना जाये। **-दीपक कुमार त्यागी पुत्र स्व. देवेन्द्र सिंह त्यागी, ग्राम पैजनिया, थाना हल्दौर, तहसील चांदपुर ( बिजनौर )।**

# विश्व कैंसर दिवस पर टीएमयू में हुआ अवेयरनेस



**मुरादाबाद ( चिंगारी )।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के सामुदायिक चिकित्सा विभाग की ओर से विश्व कैंसर दिवस पर टीएमयू अस्पताल में सामान्य और प्रचलित कैंसरों जैसे-मुख कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, स्तन कैंसर, जठरांत्र-गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल तंत्र के कैंसर आदि को लेकर अवेयरनेस कैंपेन चला। इस अवेयरनेस कैंपेन का नेतृत्व मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके सिंह, सामुदायिक चिकित्सा विभाग की एचओडी डॉ. साधना सिंह, डॉ. शिल्पा रेड्डी, डॉ. ऋषि शर्मा के संग-संग एमबीबीएस इंटर्न बैच की टीम ने किया। इस टीम ने टीएमयू अस्पताल में पोस्टर, मॉडल और एक्सटेम्पोर प्रस्तुतियों के जरिए लोगों को जागरूक किया। जागरूकता कार्यक्रम में ईनटी के एचओडी प्रो. प्रबल चटर्जी, ओबीजी की एचओडी डा. मनप्रीत कौर के अलावा नर्सिंग, पैरामेडिकल, मेडिकल स्टाफ और विभिन्न विभागों के मरीजों, तीमारदार आदि मौजूद रहे।

# खेत में घायल मिले व्यक्ति की पत्नी ने चार के ख़िलाफ़ एफआईआर लिखवाई

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम गढ़वावाला में चार दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में घायल अवस्था में मिले व्यक्ति के मामले में पुलिस ने पीड़ित की पत्नी की तहरीर पर ग्राम के चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



अस्पताल में भर्ती कश्मीरी सिंह।

जानकारी के अनुसार ग्राम गढ़वावाला निवासी कश्मीरी सिंह सोमवार की सुबह ग्राम के समीप स्थित खेत में घायल अवस्था में पड़े मिले थे। ग्रामीणों ने उनके गले पर चोट के निशान देखे और परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल और परिजनों से आवश्यक जानकारी जुटाई। जिसके चार दिन बाद इस मामले में घायल कश्मीरी सिंह की पत्नी हेमलता देवी ने ग्राम के ही चार व्यक्तियों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उधर ग्रामीणों का कहना है कि घायल कश्मीरी सिंह और आरोपियों के बीच पहले से ही आपसी रंजिश/मुकदमेबाजी चली आ रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक राम प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पूरे प्रकरण की गहनता से जांच की जा रही है।जांच के आधार पर ही आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख के घर में घुसा गुलदार

## वनकर्मियों ने हवाई फायरिंग कर भगाया, पिंजरा लगाया

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** रेहड़ क्षेत्र के बादीगढ़ चौराहा के निकट स्थित भूतपूर्व ब्लॉक प्रमुख स्व. कुंवर त्रिपुरारी सिंह राठौर के घर पिछले कई दिनों से दीवार फांदकर आ रहे एक गुलदार को सीसीटीवी में देख परिजनों ने स्थानीय वनकर्मियों को इसकी सूचना दी, जिस पर वनकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर हवाई फायरिंग कर गुलदार को भगाया और उसे पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया। स्व. कुंवर त्रिपुरारी सिंह के पुत्र अभ्युदय सिंह राठौर ने बताया कि उनके घर के चारों ओर लगभग 10 फीट ऊंची चाहरदीवारी है, जिसके बाहर सागौन का एक पेड़ खड़ा है। अभ्युदय ने बताया कि कई दिनों से एक गुलदार उस पेड़ पर चढ़कर चाहरदीवारी के अंदर बनी पशुशाला की छत पर कूदकर फिर वहां से नीचे उतरता है और पशुशाला का गेट बंद देखकर वह पहले आंगन में चारों ओर अपना शिकार की तलाश करता और फिर विवश होकर वहां बनी पशुओं की चर में देर रात तक आराम फरमाकर चला जाता है। इस माजरे को परिजन कमरे में बैठे सीसीटीवी में देखते रहे और उन्होंने वनकर्मियों को इस बाबत सूचित किया। वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ श्रीमती अंकिता किशोर ने बताया कि मंगलवार की रात्रि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे वन दरोगा रवि कुमार व सहयोगी वनकर्मियों की टीम ने एक राउंड हवाई फायरिंग कर गुलदार को जंगल की ओर खदेड़ा और मौके पर पिंजरा लगा दिया है।


मौके पर घूमता गुलदार।


पिंजरा लगाते वनकर्मी।

# एम.आर. पाशा ने दिया पैगाम न करें माहौल बिगाड़ने का काम

## बोले- क़ानून व्यवस्था और आपसी भाईचारे के लिए आगे आएं



**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा कि त्यौहारों के मौके पर अतिउत्साह व खुशी में ऐसा कोई काम न करें, जिससे कानून व्यवस्था एवं भाईचारा प्रभावित हो। उन्होंने सभी से अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शांति, सद्भाव व आपसी भाईचारा ही हमारे मुल्क की आन-बान और शान है। भारत की गंगा जमनी तहजीब की दुनिया भर में मिसाल दी जाती है, इस मिसाल को कायम रखें। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति या संगठन धार्मिक भावनाएं भड़काते हुए समाज को बांटने का काम कर रहा है, वह पूरी तरह से देशद्रोही है। कोई भी सच्चा व अच्छा देशभक्त कभी भी ऐसा काम नहीं कर सकता है, जिससे नफ़रत को बढ़ावा मिलता हो। उन्होंने कहा कि नफ़रत फैलाने वाले व्यक्तियों व संगठनों का सामाजिक बहिष्कार किया जाना चाहिए। भाईचारे में ही सभी की भलाई है। सभी को एक-दूसरे के त्यौहार आपस में मिल-जुलकर मनाने चाहिएं। उन्होंने कहा कि त्यौहारों की खुशियों में गरीबों, बेसहारों और दिव्यांगों को भी शामिल किया जाना चाहिए। खुशियां जब ही महत्वपूर्ण होती हैं, जब हम इसमें दूसरों को शामिल करते हैं।

# चांदपुर में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद चांदपुर के अधिशासी अधिकारी कुनाल रस्तोगी ने नगर में नेहरू चौक से रेलवे फाटक, बिजनौर रोड पर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया तथा 22 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला। बुधवार को दोपहर बाद नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी कुनाल रस्तोगी आईएएस ने पालिकाकर्मियों के साथ नेहरू चौक से रेलवे फाटक तक अतिक्रमण हटाया। अभियान की खबर से अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मच गया तथा बहुत से दुकानदारों ने स्वयं ही अस्थायी रूप से सड़क पर किये गये अतिक्रमण को हटा लिया। इस दौरान अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों से 22 हजार रुपए से अधिक का जुर्माना भी वसूला गया। अधिशासी अधिकारी कुनाल रस्तोगी आईएएस ने दोटूक कहा कि सड़क पर अतिक्रमण किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा तथा पूरी तरह से अतिक्रमण हटने तक अभियान जारी रहेगा।

# धोखाधड़ी के मामले में वसीक अल्वी को ले गई दिल्ली पुलिस

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** मंगलवार की अपराह्न पास के ग्राम सीरवासुचंद के मोहल्ला बच्चा बाग में उस समय हड़कंप मच गया, जब दिल्ली पुलिस की टीम वहां आई और आनन-फानन में वसीक अल्वी नामक व्यक्ति को हिरासत में लेकर अपने साथ ले गई। दिल्ली पुलिस द्वारा वसीक अल्वी को ले जाने की चर्चाएं जंगल में आग की तरह फैल गईं। इस संबंध में थानाध्यक्ष अफजलगढ़ रामप्रताप सिंह ने दिल्ली पुलिस की टीम के क्षेत्र में आने की पुष्टि करते हुए बताया कि दिल्ली पुलिस टीम ग्राम सीरवासुचंद निवासी वसीक अल्वी पुत्र रफीक को दिल्ली में दर्ज धोखाधड़ी के एक मुकदमे के संबंध में अपने साथ ले गई है।

# विदुर ब्रांड की उत्पादक दीदियों को दिल्ली बुलाकर कृषि मंत्री ने की मुलाकात

**बिजनौर ( चिंगारी )। केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आमंत्रण पर जनपद बिजनौर से विदुर ब्रांड से जुड़ी चार महिला उत्पादक ( लखपति दीदियां ) नई दिल्ली के पूसा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करने पहुंचीं।**



इस अवसर पर माननीय मंत्री जी ने जनपद बिजनौर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के अंतर्गत संचालित विदुर ब्रांड मॉडल के माध्यम से महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे उत्पादन, ब्रांडिंग एवं विपणन कार्यों की जानकारी ली तथा दीदियों से सीधे संवाद किया। मंत्री जी ने कहा कि बिजनौर की ये दीदियां 'लखपति दीदी अभियान' की भावना को जमीनी स्तर पर साकार कर रही हैं तथा ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रेरणास्रोत हैं। कृषि मंत्री ने वोकल फॉर लोकल एवं स्वदेशी की अवधारणा के अनुरूप स्थानीय उत्पादों को बाजार से जोड़ने में विदुर ब्रांड की पहल की विशेष सराहना की। कार्यक्रम में जनपद बिजनौर से विदुर ब्रांड की उत्पादक दीदियां-विपिन देवी विकास खंड, नजीबाबाद, पूजा देवी विकास खंड, नजीबाबाद मनोज देवी विकास खंड, नूरपुर, बाला देवी विकास खंड, नूरपुर शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान दीदियों द्वारा अपने-अपने उत्पादन कार्य, बाजार से जुड़ाव, रोजगार सृजन तथा आय वृद्धि की यात्रा साझा की गई। यह आयोजन जनपद बिजनौर में विदुर ब्रांड के अंतर्गत विकसित महिला उद्यमिता मॉडल की सफलता को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर रहा।

## सूचना

मेरा पुत्र जुल्फकार जो गलत संगत में पड़ गया है, वह मेरे कहने में नहीं है। जुल्फकार मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करता है, इसलिए मैं अपने पुत्र जुल्फकार से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहा हूं और अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। आज से जुल्फकार अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा, मैं व मेरे परिवार का कोई भी सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा।

**– सत्तार पुत्र इब्राहिम, निवासी ग्राम – गंज, थाना कोतवाली शहर बिजनौर, तहसील व जिला-बिजनौर ( उ.प्र. ), मोबाइल नंबर -6395704593**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र रफ़ीक़ अहमद व उसकी पत्नी सायरा निवासी मोहल्ला मुफ़्ती सराय चांदपुर जो बुरी संगत में पड़ गए हैं और वह मुझसे व मेरे परिवार वालों से अभद्र व्यवहार करते हैं, इसलिये मैं और मेरा परिवार उनसे अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में वह किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं, तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे। – **जरीन खातून पत्नी स्वर्गीय अब्दुल वहीद, निवासी-मौहल्ला मुफ़्ती सराय, कस्बा व थाना चांदपुर, तहसील चांदपुर ( बिजनौर )**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरी पुत्री रेनू कुमारी पत्नी कलवा सिंह पुत्र स्वर्गीय राजपाल सिंह गलत संगत में पड़ गई है। वह मेरे व मेरे परिवार के साथ अभद्र व्यवहार करती है। मेरा व मेरे परिवार का समझाया भी नहीं मानती। इसलिये मैं और मेरा परिवार उससे अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में वह किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन व कोई भी कृत्य करती है, तो वह उसकी स्वयं जिम्मेदार होगी। – **वीरपाल सिंह पुत्र त्रिलोक सिंह, निवासी-ग्राम पथवारी, थाना नूरपुर, तहसील चांदपुर ( बिजनौर )**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरी पत्नी नुसरत जहां पुत्री लियाकत अली सन् 2018 में मुझे छोड़कर अपने पुत्रों व माता-पिता के पास मोहल्ला कटरा कस्बा व थाना धनौरा, जनपद अमरोहा चली गई थी, तब से वह अलग रह रही है। मैंने कई बार नुसरत जहां को लाने का प्रयास किया, लेकिन उसने आने से इंकार कर दिया। मेरा कोई समझाना नहीं माना। नुसरत जहां व उसके पुत्र शाद व जैद मुझे व मेरे परिवार को तंग व परेशान करते हैं। इसलिये मैं और मेरा परिवार उनसे अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं, तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**– मोहम्मद अशरफ़ पुत्र श्री अलाउद्दीन, निवासी-मौहल्ला इस्लाम नगर कस्बा व थाना नूरपुर, तहसील चांदपुर ( बिजनौर )**

# कुरआन हिफ़्ज़ करने वाले तलबा की दस्तारबंदी

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर के मदरसा इस्लामिया अरबिया रहमानिया में मुनक़्क़िद हुए 57 वें सालाना इज्लास में उलेमा ने बच्चों को हर हाल में कुरान की तालीम दिलाने और नबी के बताए रास्ते पर चलकर जिंदगी गुजारने पर ज़ोर दिया। इस मौके पर हिफ्ज़ मुकम्मल करने वाले मदरसे के चार तलबा की दस्तारबंदी कर उन्हें सनद दी गई।

## नबी के बताये रास्ते पर चलकर जिंदगी गुजारें



जलसे को खिताब करते उलमा।

मंगलवार की रात बाद नमाज़े इशा मदरसा प्रांगण में हुए जलसे का आगाज क़ारी हबीबुर्रहमान ने तिलावत और मुफ्ती शुऐब ने नबी शान में नात ए पाक से नजराना एक अकीदत पेश कर किया। जलसे को मेहमान एक खुशुशी मुफ्ती महफूज़ुर्रहमान थेपुरी, मौलाना सालिम, मौलाना रफीक अहमद, मौलाना इफ्तिखारूल हसन ने खिताब किया। जलसे को खिताब करते हुए उलेमा ने बच्चों को अल्लाह की दी हुई नेमत बताया और हर मां-बाप से अपने बच्चों को दुनिया के साथ दीन की तालीम और अच्छी तरबियत जरुर देने पर जोर दिया। उन्होंने मुआशरे में बढ़ती बुराइयों पर अफ़सोस जताते हुए कहा कि आज मुसलमान दीन के रास्ते से भटक कर तरह-तरह की परेशानियों में फसता जा रहा है। उलेमा ने शादियों में बढ़ती बेहयाई, दहेज, गैर सरई रस्मो व बुराइयों को रोकने और दुनिया व आखिरत में कामयाबी पाने के लिए नबी के तरीखे के मुतबिक जिंदगी गुजारने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारे नबी ने पूरी दुनिया और इन्सानियत की भलाई के लिए काम किये हैं। उन्होंने नबी की सीरत के बारे में पढ़ने पर खास जोर दिया। जलसे के बीच में उलेमा ने कलाम पाक हिफ्ज़ करने वाले तलेबा हाफ़िज़ मौ. इरशाद, हाफ़िज़ अबुशमा, हाफ़िज़ मौ. अरमान, हाफ़िज़ अब्दुल हन्नान की दस्ताबदी कर रोशन मुस्तकबिल की दुआएं दीं। देर रात तक चले जलसे के आखिर में अमन और सलामती की दुआ कराई गई। जलसे की सदारत मौलाना इफ्तखारूल हसन सहसपुरी और निजामत मौलाना उबैदुर्रहमान व मौलाना अताउर्रहमान ने की। इस मौके पर मौलाना शरीफ अहमद, मुफ्ती शुऐब, डॉ. अलाउद्दीन, मौलाना इफ्तेखार आदि मौजूद रहे।

# वायरल आडियो के मामले में दो के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**चांदपुर ( चिंगारी )।** सोशल मीडिया पर वायरल ओडियो में पुलिस व मुख्यमंत्री के बारे में गलत बयानी करने वाले तथाकथित पत्रकार सहित दो के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। शहर इंचार्ज बृजेश शर्मा ने थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि सोशल मीडिया पर एक आडियो वायरल हो रही है, जिसमें अनुचित दबाव बनाने के चलते व अपनी झूठी प्रतिष्ठा बनाने के लिए तथाकथित पत्रकार सलीम हाशमी पुत्र शब्बीर अहमद निवासी मुहल्ला राकिबनगर काजीजादगान ने अपने मित्र इमरान से फोन पर बात करते हुए पुलिस अधिकारियों को भद्दी-भद्दी गाली तथा सस्पेंड कराने की धमकी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गाली-गलौच व धार्मिक भावना आहत करते हुए उनके द्वारा रमजान माह में (गाली देते हुए मजबूरन कुरान बांटने की बात कही गई) जैसी बातें कर रहा है। पुलिस ने तथाकथित पत्रकार सलीम हाशमी व इमरान के विरुद्ध धारा 353(2),352 व 351(2) में रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# पशुओं में फैल रहा मुंहपका खुरपका रोग, कई की मौत

**पैजनिया ( चिंगारी )।** पैजनिया एवं आसपास के गांवों में पशुओं में फैल रही मुंहपका एवं खुरपका नामक गंभीर बीमारी से अब तक आधा दर्जन से अधिक पशुओं की मौत हो गई। साथ ही दर्जनों पशु इस बीमारी की चपेट में हैं। पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा बीमारी की रोकथाम के लिए कोई कदम नहीं उठाने से पशुपालकों में रोष व्याप्त है। इस गंभीर बीमारी से गांव पैजनिया निवासी राकेश त्यागी की चार दिन के भीतर दो कटियों की मौत हो गई। इसके अलावा गांव के शिव त्यागी, विनीत त्यागी, रमन त्यागी, अभिषेक त्यागी, फजरुद्दीन, सुरेश सैनी समेत कई पशुपालकों के दर्जनों पशु गंभीर बीमारी की चपेट में हैं। पशुपालकों ने बताया कि मुंहपका के रोग से ग्रसित पशु चारा नहीं खाता है और उसके मुंह से लार निकलती रहती है और खुर पकने से पशु से सीधा खड़ा नहीं हो पाता। इस संबंध में पशु चिकित्सा अधिकारी विनय कुमार से संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# बिजनौर में कृभको किसान सभा का आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कृभको बिजनौर द्वारा विदुर सभागार, बिजनौर में एक किसान सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री घनश्याम वर्मा, उपकृषि निदेशक बिजनौर उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री जसवीर तेवतिया, जिला कृषि अधिकारी बिजनौर द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन हरेंद्र पटेल, क्षेत्रीय प्रतिनिधि कृभको द्वारा किया गया। किसान सभा के दौरान किसानों को जिंक सल्फेट, बायोफर्टिलाइजर, कंपोस्ट खाद सहित कृभको के अन्य उपयोगी उत्पादों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही इन उत्पादों के प्रयोग से फसल उत्पादन बढ़ाने एवं मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग एवं आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में कुल 55 किसानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और कृषि संबंधी जानकारी प्राप्त की। किसान सभा का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूक करना एवं उनकी आय में वृद्धि करना रहा।




# चोरी और सीनाजोरी करने वालों पर मामला दर्ज

**चांदपुर ( चिंगारी )।** एक ग्राम प्रधान ने गांव के ही एक व्यक्ति पर अपनी पुत्री का जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए उसके फर्जी हस्ताक्षर व मोहर लगाने तथा उसके साथ गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए दो लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाने में दी गई तहरीर में ग्राम हीमपुर बुजुर्ग के प्रधान अली वारिस ने बताया कि उन्हें पंचायत सचिव विपिन कुमार ने जानकारी दी कि गांव के ही जिशान पुत्र अहसान ने अपनी पुत्री का जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने हेतु ग्राम प्रधान की फर्जी मोहर व फर्जी हस्ताक्षर किसी प्रमाण-पत्र को प्रमाणित करते हुए कूट रचनाकार षड्यंत्र रचकर फर्जी तौर पर पंचायत सचिव को प्रेषित किया गया है। उक्त प्रमाण-पत्र पर मेरे हस्ताक्षर नहीं हैं और मोहर भी फर्जी है। ग्राम प्रधान के अनुसार जब उसने इस सम्बन्ध में जिशान से बात की तो जिशान ने उसके साथ गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी दी। जिशान का साथ गांव का ही मुर्तजा पुत्र बाबू खान दे रहा है। पुलिस ने ग्राम प्रधान की तहरीर पर दोनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# गन्ने से भरा ट्रिपलर बिजली के खंभे से टकराया

**स्योहारा ( चिंगारी )।** बुधवार को स्योहारा-नूरपुर रोड कुरी के पास एक बड़ा हादसा होने से टल गया, जब एक ट्रैक्टर-ट्रिपलर गन्ना भरकर बुढ़नपुर से स्योहारा शुगर मिल ले जा रहा था, सामने की ओर से आ रहे ट्रक को बचाने के चक्कर में वह एक ईंटे पर चढ़ गया, जिससे ट्रैक्टर डिसबैलेंस हो गया। ट्रैक्टर की गति इतनी तेज थी कि वह सीधे बिजली खंभे से टकराया और उसके ऊपर सीधा खड़ा हो गया। गनीमत रही ट्रैक्टर ड्राइवर सोनू सही सलामत बच गया।

# 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' कार्यक्रम हुआ

**हल्दौर ( चिंगारी )।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' उत्सव कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी अलका अग्रवाल के निर्देशन में ब्लॉक संसाधन केंद्र हल्दौर पर किया गया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी अलका अग्रवाल द्वारा बच्चों एवं उनके अभिभावकों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा ब्लॉक संसाधन केंद्र हल्दौर के स्टाफ सदस्य संध्या चौहान, शशांक कौशिक, तरुण चौहान, विपिन, जय प्रताप, शौर्य, लेखराज सिंह, सुधीर कुमार आदि द्वारा अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया गया। एसआरजी आकाश कुमार अग्रवाल द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्यों को बताते हुए उसके बारे में अवगत कराया गया। एआरपी नितिन बालियान, अरुण कुमार, नरेश कुमार, कनिका गुप्ता द्वारा हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम में सभी न्याय पंचायत से आए हुए पांच-पांच निपुण बच्चों को पुरस्कार दिया गया, साथ ही अपने विद्यालय में बाल वाटिका के सुंदर संचालन हेतु आह्वान किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष गुलशन कुमार, परमेंद्र रायसान, नागेश कुमार, प्रशांत कुमार एवं खंड शिक्षा अधिकारी अलका अग्रवाल के संबोधन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सनी चौधरी द्वारा किया गया।



# मदरसे में किया इनामी जलसे का आयोजन

**स्योहारा ( चिंगारी )।** रहमानिया मस्जिद स्थित मदरसा जमीउल कुरान मुनज़्ज़म मकतब दिनयात में एक इनामी जलसे का आयोजन मुफ्ती मोहम्मद उवैस व हाफ़िज़ शादाबुर्रहमान की देख रेख में किया गया। जलसे में बच्चों ने नात, तकरीर पेश की। इस मौके पर पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को उलमा द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मदरसे के संचालक मुफ्ती उवैस अहमद ने बताया कि एक रोज़ा इनामी जलसे का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों द्वारा नाते पाक, कलमें और तकरीर पेश की गई। जलसे को खिताब करते हुये मुफ्ती महफ़ुज़ुर्रहमान अकबराबाद ने कहा कि हमें अपने बच्चों को दीनी तालीम के साथ-साथ दुनिया ही तालीम भी देनी चाहिए। बच्चों को इस बात की ताक़ीद करें कि अपनी जिंदगी अपने मजहब के हिसाब से गुजारनी चाहिए और जितना हो सके उन सभी बातों से बचना चाहिए, जिसको मजहब में मना किया गया है। बच्चों को उम्र के हिसाब से दीन की सभी बातों की जानकारी देते रहना चाहिए ताकि उन्हें पता होना चाहिए कि हमारे मजहब में किस चीज को नाजायज़ और किस चीज को जायज़ करार दिया गया है। हमें अपने बच्चों को ऐसी तरबियत देनी चाहिए जिससे हम सभी मजहब के लोगों से मोहब्बत करें और एक-दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे। जलसे के अंत में मुल्क में अमनों अमान की दुआ कराई गई। इस मौके पर बच्चों मोहम्मद अनिक जमाल, अनुशा फात्मा, नमरा, अरीब आदि ने अपना-अपना प्रोग्राम पेश किया। इस मौके पर मौलाना शुऐब अहमद, मौलाना मोहम्मद शादाब, कारी मुहम्मद मुदस्सिर, मुफ्ती फ़रमान, मौलाना रिजवान, मौलाना रईस, मस्जिद के सदर नईम अहमद, हाजी वजीहुद्दीन, रियाज़ उर्फ़ प्रिंस जमाल, कफील अहमद, जहीर अहमद, नफीस अहमद, आदि मौजूद रहे। जलसे की निजामत मुफ्ती सदाकत ने की।



# हिन्दुओं जागो, अपनी सांगठनिक शक्ति का परिचय दो - साध्वी प्राची

**धामपुर ( चिंगारी )।** विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की सदस्य साध्वी डॉ. प्राची दीदी ने कहा कि हिंदुओं जागो और प्रत्येक स्तर पर अपनी संगठनात्मक शक्ति को मजबूती दिलाने का संकल्प लो । लव जिहाद तथा हिंदू बेटियों के धर्मांतरण और निकाह जैसी घृणित मानसिकता रखने और अपनाने वालों पर प्राची दीदी जमकर गरजी। उन्होंने अभिभावकों का आह्वान किया कि वह इस बात का गंभीरता पूर्वक ध्यान रखें कि उनकी बेटियों के सखा मित्र और सहपाठी कोई सलमा और सलीम तो नहीं है, जो उन्हें मित्रता की आड़ में भ्रमित ना करने पाए। उन्होंने रक्षा एवं सुरक्षा के लिए बेटियों को शस्त्रों का लाइसेंस दिलाने की भी बात कही।

साध्वी डॉक्टर प्राची दीदी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत महावीर बस्ती की ओर से मोहल्ला




खातियान स्थित बड़ा शिव मंदिर में आयोजित हिंदू सम्मेलन को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रही थी।

उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉक्टर केशव राव बलिराम हेडगेवार जी का पावन स्मरण करते हुए कहा कि आज डॉक्टर हेडगेवार जी के द्वारा रोपा गया बीज अनेक प्रकार की उपलब्धियां अर्जित करते हुए वटवृक्ष का स्वरूप धारण कर चुका है। आयोजन समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार जैन के निर्देशन में गठित समिति के पदाधिकारियों द्वारा आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ साध्वी डॉक्टर प्राची दीदी, राष्ट्र सेविका समिति की मेरठ प्रांत की प्रांत कार्यवाहिका सुकुंज वाला, महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा के महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मीनू सिसोदिया तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचार प्रमुख प्रखर अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया। मौलिक रस्तोगी तथा नैतिक रस्तोगी ने गणेश वंदना तथा रुद्राष्टक की प्रस्तुति दी।

सामाजिक कार्यों में अग्रणी महिलाओं अंकिता जैन, रेखा भटनागर तथा पूजा गोस्वामी ने साध्वी डॉक्टर प्राची दीदी, सुकुंज बाला तथा मीनू सिसोदिया का स्वागत उन्हें शाल ओढाकर किया। जबकि संघ के जिला प्रचार प्रमुख प्रखर अग्रवाल को संघ के सह नगर कार्यवाह शुभम कुमार ने सम्मानित किया। रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र प्रथम चौहान तनिष्क वर्मा, कृतिका रस्तौगी, रिद्धि रस्तौगी, सिद्धि रस्तौगी ने महिलाओं के मस्तक पर मंगल तिलक किया।

महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा के महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मीनू सिसोदिया की अध्यक्षता तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला स्तंभ लेखन प्रमुख विभोर अग्रवाल के संचालन मे आयोजित हिंदू सम्मेलन में महावीर बस्ती के दो बच्चों नैतिक और देवदत्त ने लव और कुश के स्वरूप में कार्यक्रम में धूम मचा दी। राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत कार्यवाहिका सुकुंज बाला ने बताया कि 1936 में लक्ष्मी बाई केलकर ने जिस राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना की थी, वह 90 वर्ष पूर्ण कर चुकी है।

# एसजीएल पब्लिक स्कूल ककराला में वार्षिकोत्सव आयोजित

## विधायक ओमकुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारम्भ




**नहटौर ( चिंगारी )।** एसजीएल पब्लिक स्कूल ककराला में वार्षिकोत्सव एवं छात्रों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक ओम कुमार ने कहा कि भले ही आपको एक टाइम भूखा रहना पड़ जाए, किसी भी तरह की परेशानी उठानी पड़े लेकिन कभी भी अपने बच्चों को पढ़ाई से मत रोकना, हमेशा उनको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना।

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक ओमकुमार, कुणाल चांग, वेटलिफ्टिर खिलाड़ी हिमांशु चांग, प्रबंधक तिलकराज सैनी, ईडी ममता सैनी,चमन दहिया, प्रधानाचार्य चरण सिंह, संजीव त्यागी आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रबंधक तिलकराज सैनी ने स्कूल की प्रगति रिपोर्ट पेश की। छात्रो ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन संध्या सैनी ने किया।

# पार्टी की नीतियां जन-जन तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी : प्रेमचंद

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल से श्यामपुर मंडल के विभिन्न मोर्चों में नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर डॉ. अग्रवाल ने सभी पदाधिकारियों का मिठाई खिलाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि पार्टी की रीति–नीति को जन–जन तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्राज्ञ रावत युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, रोहित कुमार एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष, चंद्रमोहन पोखरियाल मंडल अध्यक्ष श्यामपुर, अमित मोहन पोखरियाल मंडल मंत्री सहित शिवराज सिंह, भरत सिंह, शिवराज कुमार, शिवम कल्याण, अरुण कुमार, दीपक कुमार, अंकित कुमार आदि उपस्थित थे

# छात्राओं ने निकाली नशा जागरूकता रैली



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत तृतीय दिवस के अवसर पर 'नशा मुक्त भारत' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नजीबाबाद एसडीएम शैलेन्द्र कुमार मौजूद रहे। एसडीएम ने छात्राओं को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी तथा नशे से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं द्वारा तहसील नजीबाबाद क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम अधिकारी गजाला मुमताज ने छात्राओं को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से समझाया। शिक्षिकाओं महरीन, शगुफ्ता, नसरीन एवं विनोद कुमारी ने छात्राओं का मार्गदर्शन कर रैली को सफल बनाया। स्वयंसेविकाओं द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं भाषण के माध्यम से लोगों को नशा न करने के लिए प्रेरित किया। एसडीएम ने कार्यक्रम की सराहना की।

# फार्म-7 मामले की निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट सबके सामने रखी जायेगी : एसडीएम

**धामपुर ( चिंगारी )।** बुधवार को आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा तहसील परिसर के कमरा नंबर 16 में नहटौर विधानसभा क्षेत्र में हुए विशेष प्रगाढ़ पुन: निरीक्षण अभियान के अंतर्गत फॉर्म नंबर 7 मिलने के मामले की शिकायत आजाद समाज पार्टी से जिला पंचायत सदस्य ग्राम मनकुआ निवासी आलोक भारती ने लिखित रूप में उप जिला अधिकारी सुश्री स्मृति मिश्रा से की है।



एसडीएम स्मृति मिश्रा

उप जिलाधिकारी सुश्री स्मृति मिश्रा ने बताया कि शिकायत के आधार पर इस मामले की निष्पक्ष जांच कर कर आख्या सबके समक्ष रखी जाएगी। आलोक भारती का आरोप है कि इस फॉर्म के माध्यम से 21 नहटौर विधानसभा क्षेत्र के हजारों मतदाताओं के नाम काटे जाने की योजना को अंजाम दिया जा रहा है। नहटौर विधानसभा क्षेत्र सुरक्षित सीट है जिस पर दलित समाज का व्यक्ति ही चुनाव लड़ सकता है। वर्तमान में यहां से ओम कुमार भारतीय जनता पार्टी के सिंबल पर विधायक हैं । 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में आलोक भारती भी नहटौर विधानसभा क्षेत्र से आजाद समाज पार्टी से अपनी दावेदारी कर रहे हैं, जबकि समाजवादी पार्टी से पूर्व सांसद यशवीर धोबी के नाम की चर्चा है

उप जिला अधिकारी सुश्री स्मृति मिश्रा 20 धामपुर विधानसभा की ईआरओ (ERO) हैं। उनका कहना है कि यह मामला नहटौर विधानसभा का है, क्योंकि यह दूसरी विधानसभा है। इसलिए उन्हें फॉर्म 7 की प्राप्ति की जानकारी नहीं है। बुधवार को आज़ाद समाज पार्टी के कुछ व्यक्तियों द्वारा उन्हें यह बताया गया कि 21 नहटौर विधान सभा के फार्म -7 तहसील में रखे हुए पाए गए हैं। इस मामले में आलोक भारती से लिखित शिकायत की गई है, जिसका तत्काल संज्ञान लिया गया है तथा जांच कराई जा रही है।

उप जिलाधिकारी सुश्री स्मृति मिश्रा ने बताया कि तहसील कार्यालय में फार्म-6, 7, 8 कोई भी व्यक्ति जमा कर सकता हैं। फार्म-7 के माध्यम से मतदाता सूची में आपत्तियां दर्ज कराई जा सकती हैं। इसके बाद नियमानुसार फार्म की प्रारंभिक जांच की जाती है, जिसमें आपत्तिकर्ता का नाम तथा EPIC number होना अनिवार्य है। यदि ऐसी शिकायत आती है कि अंकित व्यक्ति ने फार्म 7 नहीं दिया है, तो फार्म तुरंत ही निरस्त हो जाता है। इसके अतिरिक्त, जिसने फार्म 7 दिया है, उसको और जिस नाम पर आपत्ति है, उनको, दोनों को नियमानुसार नोटिस दिया जाता है। फार्म 7 देने वाले व्यक्ति को साक्ष्य देकर साबित करना होता है कि मतदाता का नाम क्यों वोटर लिस्ट में नही रहना चाहिए।

# वन विभाग की भूमि पर बसे लोगों के समर्थन में आये लोकसभा व राज्यसभा के सांसद



ऋषिकेश ( चिंगारी )। उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार वन विभाग की भूमि पर बसे लोगों के विरोध में एक आदेश हुआ था, जिसमें बापूग्राम, अमित ग्राम, शिवाजी नगर, आदि क्षेत्र हैं, तभी से लोगों का आंदोलन जारी है। अपने मकान को बचाने के लिए स्थानीय जनता ने सड़क जाम, रेलवे ट्रैफिक पर जाम, रैली, प्रदर्शन का दौरा आज भी जारी है। सभी पार्टियों के राजनेता अपने-अपने भाषणों में जनता को आश्वासन दिलाने का काम कर रहे हैं, जिसमें मंगलवार को राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने सदन में बापू ग्राम क्षेत्र में चल रही वन विभाग भूमि विवाद को लेकर दृढ़ता से अपनी बात रखी हैं। उन्होंने पुरजोर तरीके से जनता को इस स्थायित्व और क्षेत्र को राजस्व ग्राम घोषित करने की मांग उठाई। पिछले सात दशकों से हजारों परिवार उस क्षेत्र में रह रहे हैं और करोड़ों रुपए का राजस्व भी नगर निगम को प्राप्त होता है। सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाएं भी क्षेत्र में गतिशील हैं। ऐसे में यह सरकार का दायित्व है कि जनता को स्थायित्व प्रदान किया जाए।

वहीं दूसरी ओर हरिद्वार के सांसद पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, बापू ग्राम बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक राजेश जुगरान के साथ एक प्रतिनिधि मंडल ने कल केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से भी मुलाकात की। अब यह स्पष्ट रूप से दिखने लगा है कि क्षेत्र के प्रतिनिधि जनता की समस्याओं को लेकर काफी गम्भीर नजर आ रहे हैं और लगातार जनता की आवाज बनकर सरकार तक जा रहे हैं। राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने जिस प्रकार इस मुद्दे को सदन में उठाया उससे यह साफ जाहिर हो गया है कि वह इस समस्या को लेकर काफी संजीदा है।

# जनसमस्याओं को लेकर संघर्ष करने का नागरिक मंच ने बैठक में लिया संकल्प

कोटद्वार ( चिंगारी )। नागरिक मंच की बुधवार को व्यापार मंडल सभागार में आयोजित मासिक बैठक में शहर और नगर निगम में शामिल ग्रामीण अंचलों की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर कई पूर्व सैनिकों और पेंशनरों से संस्था की सदस्यता ग्रहण कर जनसमस्याओं के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया।

मंच के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नैथानी की अध्यक्षता में हुई बैठक में वक्ताओं ने मवाकोट और कलालघाटी के बीच मालन नदी में पुल निर्माण की मांग सरकार से की गई। कहा कि पुल बनने से भाबर के ग्रामीण अंचलों में सुगम आवाजाही हो सकेगी। मौके पर सदस्यों ने कोटद्वार से देहरादून तक के लिए रेल सेवा शुरू करने, कोटद्वार-दिल्ली के बीच संचालित रेल सेवाओं का जयपुर तक विस्तार करने, शहर में पार्किंग समस्या का समाधान करने व शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक निराश्रित पशुओं के जमघट पर चिंता जताते हुए समाधान की मांग नगर निगम से की।

बैठक में मंच महासचिव अतुल भट्ट, भरत मोहन काला, वीवी जोशी, भाष्कर बलूनी, सुनील कोटनाला, कालीचरण, इंद्रमणि देवरानी, राजेंद्र पंत, प्रवेश नवानी, शंकर दत्त गौड़, हर्षवर्धन ध्यानी, केसीराम निराला शामिल रहे।

# युवती से करता था आपत्तिजनक व्यवहार पुलिस ने भेज दिया जेल, करके गिरफ्तार




बुधवार को कोटद्वार पुलिस की गिरफ्त में युवती से छेड़छाड़ का आरोपी।

कोटद्वार ( चिंगारी )। कोतवाली पुलिस ने युवती से छेड़छाड़ व उत्पीड़न के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शिकायत में युवती ने युवक पर अनावश्यक रूप से काल व मैसेज करने सहित आपत्तिजनक हरकतें करने का आरोप लगाया था।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन फरवरी को कोटद्वार निवासी एक युवती द्वारा कोतवाली में दिये शिकायती प्रार्थना पत्र में, एक युवक द्वारा कई दिनों से उसे अनावश्यक रूप से कॉल एवं मैसेज करने, आते-जाते समय गाली-गलौच करने के साथ आपत्तिजनक हरकतें करने की बात कही गई थी। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए तफ्तीश आरंभ कर दी। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह एवं क्षेत्राधिकारी निहारिका सेमवाल के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक प्रदीप नेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास करने के बाद उक्त प्रकरण में संलिप्त आरोपी उस्मान, निवासी-रसीदिया मस्जिद को कोटद्वार क्षेत्र से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया है।

# रग्बी ट्रायल में हुआ, रिया व सृष्टि का चयन

कोटद्वार ( चिंगारी )। रुड़की में कुछ दिन पूर्व आयोजित अस्मिता नॉर्थ जोन रग्बी ट्रायल में हेरिटेज एकेडमी की खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इससे पहले ओडिशा में खेली गई 10वीं सब-जूनियर नेशनल रग्बी चैंपियनशिप में भी एकेडमी के खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया था। बुधवार को टीम के कोच साहिल नेगी ने बताया कि रुड़की स्थित सोनाली रग्बी ग्राउंड में हुए रग्बी ट्रायल में विभिन्न जिलों से आई खिलाड़ियों में हेरिटेज एकेडमी कोटद्वार की ओर से 10 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद एकेडमी की रिया कटारिया का अंडर-15 और सृष्टि का अंडर-18 नॉर्थ जोन टीम के लिए चयन हुआ। बताया कि इससे पहले भी 16 से 21 जनवरी तक भुवनेश्वर (ओडिशा) में आयोजित 10वीं सब-जूनियर नेशनल रग्बी चैंपियनशिप 2025 में हेरिटेज एकेडमी से बालिका वर्ग में हरमन और रिया कटारिया एवं बालक वर्ग में अभिज्ञान ने प्रतिभाग करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। वहीं छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य रूपमाला सिंह सहित समस्त विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।

# 8 फरवरी को होगा हिंदू सम्मेलनों का आयोजन

कोटद्वार ( चिंगारी )। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में संघ की हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति की ओर से नगर निगम के कुम्भीचौड़ तथा झंडीचौड़ रामलीला मैदान में 8 फरवरी को हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया जायेगा। कुम्भीचौड़ हिन्दू सम्मेलन हेतु महानन्द ध्यानी तथा झंडीचौड़ हिन्दू सम्मेलन हेतु वीरेंद्र भारद्वाज को संयोजक बनाया गया हैं। बुधवार को यह जानकारी देते हुए संघ के जिला प्रचार प्रमुख अरविंद दुदपुड़ी ने बताया कि राष्ट्र के प्रति समर्पण, महिला सशक्तिकरण, हिन्दू समाज को संगठित करने, सामाजिक समरसता, सनातन संस्कृति और संस्कारों को मजबूत बनाने के उद्देश्यों को लेकर सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं।

# एम्स ऋषिकेश में मनाया गया विश्व कैंसर दिवस

## कैंसर को मात देने वालों ने साझा की अपनी कहानी

ऋषिकेश ( चिंगारी )। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स में) विश्व कैंसर दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि लक्षणों के प्रति सजग रहकर नियमित जांच करवाने से कैंसर से बचा जा सकता है। इस दौरान बीमारी को मात देकर स्वस्थ जीवन जी रहे कैंसर योद्धाओं ने अपनी कहानी साझा कर व्यक्तिगत देखभाल के महत्व पर जोर दिया। कैंसर जैसी घातक बीमारियों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से बुधवार को एम्स में जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम का आयोजित किये गये। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए एम्स निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने कैंसर को घातक बीमारी बताया और कहा कि समय पर कैंसर की जांच करवाकर सही इलाज शुरू करने से रोगी की जान बचायी जा सकती है। प्रो. मीनू सिंह ने कैंसर से बचाव के विभिन्न टिप्स देते हुए बताया कि तंबाकू को ना कहने, खानपान सही रखने, नियमित जांच करवाने, टीकाकरण करवाने और दैनिक तौर पर योगा या एक्सरसाईज करके शारीरिक तौर पर फिट रहने से कैंसर से बचा जा सकता है। गायनी विभाग की हेड प्रो. जया चतुर्वेदी ने कहा कि अचानक वजन कम होने, लगातार थकान महसूस करने या शरीर के किसी अंग में गांठ बनने जैसे लक्षणों को नजरअंदाज न करना कैंसर से बचने की कुंजी है। इस दौरान कैंसर योद्धाओं ने अपनी कहानियां साझा करते हुए बताया कि कैसे शुरुआती जांच और सही समय पर इलाज करवाने से उन्होंने कैंसर को मात दी है। उन्होंने बताया इस बीमारी में समय पर जांच और इलाज के साथ ही व्यक्तिगत देखभाल बहुत जरूरी है। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. बी सत्या श्री, मेडिकल ऑन्कोलॉजी हेमोटोलॉजी विभाग के हेड प्रो. उत्तम नाथ, डॉ. अमित सहरावत, डॉ. दीपक सुन्दरियाल आदि विशेषज्ञों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान डॉ. स्वीटी गुप्ता, डॉ. दीपा एम. जोसफ, प्रो. नवनीत भट्ट, डॉ. मोहित धींगढ़ा, डॉ. दलजीत कौर सहित कई अन्य विभागों के फेकल्टी सदस्य और रेजिडेन्ट्स मौजूद रहे।

## कैंसर योद्धाओं को किया सम्मानित

**कार्यक्रम के दौरान संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने कैंसर को हराकर स्वस्थ जीवन जी रहे 15 बच्चों को सम्मानित किया। इनमें 4 साल से 17 साल तक की कम उम्र के बच्चे भी शामिल हैं। इन सभी का एम्स में ही इलाज हुआ है और समय रहते इलाज करवाने के बाद अब ये सभी स्वस्थ जीवन बिता रहे हैं। इन बच्चों ने इलाज से पूर्व और इलाज के बाद के अपने सभी अनुभव साझा किए।**

# माहौल खराब करने का प्रयास करने वालों से सख्ती से निपटा जाये

## पूर्व सैनिक सेवा परिषद की मांग

कोटद्वार ( चिंगारी )। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों ने बाहरी लोगों द्वारा कोटद्वार शहर के माहौल को खराब करने की कोशिश पर रोष व्यक्त किया है, कहा कि ऐसे लोगों से सख्ती से निपटा जाना चाहिए। बुधवार को अपर कालाबड़ स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में सदस्यों ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से कुछ बाहरी लोगों द्वारा शहर की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है, जो निंदनीय है। मौके पर पुलिस प्रशासन से ऐसे लोगों की पहचान करने और उन पर सख्त कार्रवाई करने सहित आम जनता से भी शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। बैठक में गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल, देवेन्द्र सिंह नेगी, बलवान सिंह रावत, संजय अशवाल, हरीश चंद्र खुगशाल, सुरेश सिंह रावत, ज्ञानपाल सिंह रावत, नरेंद्र सिंह रावत, अनूप बिष्ट आदि शामिल रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# थानेदार को जातिसूचक शब्द कहने की वायरल वीडियो बनी चर्चा का विषय

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** सोशल मीडिया पर एक थानेदार के खिलाफ अभद्र टिप्पणी व जातिसूचक शब्दों का वायरल वीडियो चर्चा का विषय बनी हुई है। यह विडियो वायरल होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वायरल वीडियो ने पुलिस प्रशासन व क्षेत्र के जागरूक नागरिकों के बीच हलचल पैदा कर दी है। इस वीडियो में कुछ लोग आपस में बात करते हुए एक व्यक्ति द्वारा मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक के खिलाफ न केवल अमर्यादित व गाली-गलौज वाली भाषा का प्रयोग किया, बल्कि उनके लिए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर उन्हें अपमानित करने का प्रयास भी किया है। पुलिस प्रशासन इस विडियो को संज्ञान में लेने के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई कर रहा है।

# डीएम जसजीत कौर को द रियल सुपर वूमेन से किया सम्मानित



**बिजनौर ( चिंगारी )।** सामाजिक संस्था गोल्डन लायनेस नवशक्ति हल्दौर द्वारा डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट श्रीमती जसजीत कौर को संस्था के प्रोटोकॉल के अंतर्गत द रियल सुपर वूमेन सम्मान दिया गया, जिसमें उन्हें सर्टिफिकेट और शॉल ओढ़ाकर और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ईशा मारवाड़ी ने कहा कि आप हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं, हमारी संस्था महिला सशक्तिकरण में आगे बढ़ रही महिलाओं को समय-समय पर प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। डीएम जसजीत कौर ने संस्था की जागरूकता की प्रशंसा करते हुए सहयोग का आश्वासन दिया। इसके अलावा संस्था ने महिला कल्याण विभाग की अधिकारी डीएमसी रविता राठी को भी द रियल सुपर वुमन के अंतर्गत सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा ईशा मारवाड़ी, सचिव कंचन रस्तोगी, रीजन चेयरपर्सन बबीता मारवाड़ी, जोन चेयरपर्सन शिखा रस्तोगी, रितु मारवाड़ी, पवन ठाकुर, रेखा मारवाड़ी, दीपमाला, शिवि रस्तोगी, स्वाति रस्तोगी, रीना रस्तोगी मौजूद रहीं।


## आवश्यकता है

**हेरिटेज इंटर कॉलेज,** गांव शादीपुर नूरपुर नहटौर रोड
अध्यापक व अध्यापिका की आवश्यकता है।
कक्षा नर्सरी से 12वीं तक सभी विषयों के लिए।
**संपर्क करें 8057309898**
अपना रिज्यूम सेंड या वॉट्सएप करें hacademy2022@gmail.com

## आवश्यकता है

एक लड़की (कंप्यूटर ऑपरेटर) के लिए आवश्यकता है, योग्यता- ग्रेजुएट
नजीबाबाद शहर की लड़की को वरीयता दी जायेगी।
लोकेशन- साहू जैन डिग्री कॉलेज से आगे, श्रीराम मार्बल्स के पास
UG MEDIA ADVERTISING COMPANY - NAJIBABAD
CONTACT- 9756155005

## आवश्यकता है

एक लड़का (सेल्स एंड मार्केटिंग) के लिए आवश्यकता है, योग्यता- इंटर पास
नजीबाबाद शहर के लड़के को वरीयता दी जायेगी।
लोकेशन- साहू जैन डिग्री कॉलेज से आगे, श्रीराम मार्बल्स के पास
UG MEDIA ADVERTISING COMPANY - NAJIBABAD
CONTACT- 9639264946

बिजनौर जनपद में
## एक मात्र CEAT TYRE STOP
कोई भी रोड, कोई भी लोड
ट्रैक्टर, कार, मोटर साईकिल, स्कूटर
लेटेस्ट मशीन द्वारा एक्यूरेसी
कार के लिये अलाईनमेन्ट, बैलेंसिंग
टायर फिटिंग एवं नाइट्रोजन



ON-THE-SPOT CLAIM RESOLUTION | UNCONDITIONAL WARRANTY * | COMPUTERISED TYRE SERVICE
*नियम व शर्तें लागू
Authorised Dealer
**CEAT Ltd., Goodyear India Ltd.**
KHANNA MOTORS & DIESEL ENGINEERING WORKS
नगीना रोड, ऐश्वर्य होटल के सामने जी.के. मार्केट, बिजनौर
मो. 9149075426, 9760110452 फोन. 01342-263312
**आवश्यकता है- अनुभवी, कुशल युवक की**
आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।

## Kajaria Exculsive Showroom
Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom




8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

खुल गया! खुल गया!
## श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans

## सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

